www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:12 बजे
सूर्यास्त शाम 5:23 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-99 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • रविवार 14 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चे की हत्या, मां और सौतेले पिता को उम्रकैद

**यमुनानगर**| हरियाणा के यमुनागर में तीन साल पहले हुए सनसनीखेज बच्चे की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने बच्चे की जैविक मां सीमा और सौतेले पिता तरसेम को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला डिप्टी अटॉर्नी सुधीर सिंधर के अनुसार, यह घटना 11 दिसंबर 2022 को सामने आई थी, जब एक बोरी में बच्चे की क्षत-विक्षत लाश बरामद हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य ठोस सबूतों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अदालत ने दोष सिद्ध होने पर दोनों को उम्रकैद के साथ जुर्माना भी लगाया।

### आर्थिक तंगी से परेशान परिवार ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली**| दिल्ली के कालकाजी इलाके में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या कर ली। मृतकों में अनुराधा कपूर (52) और उनके दो बेटे आशीष कपूर (32) व वैभव कपूर (27) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, परिवार कई महीनों से 25 हजार रुपये मासिक किराया नहीं चुका पा रहा था और अदालत ने उन्हें शुक्रवार तक मकान खाली करने का आदेश दिया था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आर्थिक संकट को आत्महत्या का कारण बताया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने डुप्लीकेट चाबी से घर में प्रवेश किया, जहां तीनों फंदे पर लटके मिले। पड़ोसियों के मुताबिक, परिवार दिसंबर 2023 से किराए पर रह रहा था और पति की 2024 में मृत्यु के बाद कर्ज का बोझ बढ़ गया था।

# PM-CM की कुर्सी पहले, काम बाद में! राहुल, सिद्धू पर बरसे सीएम

## ▪ विपक्ष को बताया- खुद की पार्टी डुबोने वाला

समर न्यूज | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में शनिवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल पर तीखा हमला बोला। पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों को लेकर विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए मान ने कहा कि असल में कांग्रेस और अकाली दल के पास चुनाव लड़ाने के लिए मजबूत उम्मीदवार ही नहीं हैं। इसी वजह से वे नामांकन में धक्के और गड़बड़ी जैसे आरोप लगा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा बैलेट पेपर पहले से छपवाने और उन पर 'आप' की मुहर लगे होने के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि यह बयान गैर-जिम्मेदाराना और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठाती थी और अब जब चुनाव बैलेट पेपर से हो रहे हैं, तब भी उन्हें दिक्कत है। मान ने तंज कसा कि कांग्रेस खुद तय कर ले कि चुनाव कैसे कराए जाएं।

नवजोत कौर सिद्धू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को पंजाब के विकास से कोई सरोकार नहीं है। वे सियासत को मंडी बनाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी के रेट तय करते फिरते हैं।

सीएम भगवंत मान ने दावा किया कि कांग्रेस के नेता खुद ही अपनी पार्टी को डुबोने में लगे हैं। मुख्यमंत्री ने शिरोमणि अकाली दल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को जनता ने "हेलीकॉप्टर से उतारकर सड़कों पर ला दिया है।" उन्होंने कहा कि अकाली दल पहले कभी पंचायत समिति चुनावों को गंभीरता से नहीं लेता था, लेकिन अब गांव-गांव जाकर प्रचार कर रहा है। यह मतदाताओं की ताकत का प्रमाण है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेतृत्व पर हमला तेज करते हुए मान ने राहुल गांधी और नवजोत सिंह सिद्धू की तुलना की। उन्होंने कहा कि दोनों की समस्या एक जैसी है- पहले पद चाहिए, काम बाद में।

राहुल गांधी कहते हैं पहले प्रधानमंत्री बनाओ, फिर देश के लिए काम करूंगा। सिद्धू कहते हैं पहले मुख्यमंत्री बनाओ, फिर पंजाब के लिए कुछ करूंगा। लेकिन जनता चाहती है कि पहले काम करके दिखाओ, फिर मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनो। मुख्यमंत्री ने राजा वड़िंग, सुखजिंदर रंधावा और प्रताप बाजवा पर भी तंज कसते हुए कांग्रेस को "घाटे का सौदा" बताया। तरनतारन चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस वहां चौथे नंबर पर रही और जमानत जब्त हो गई।

गिदड़बाहा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की पत्नी की हार का उल्लेख करते हुए मान ने कहा कि कांग्रेस के टिकट इतने महंगे हो गए हैं कि प्रत्याशी पैसे वापस मांगने लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधते हुए मान ने 9 करोड़ रुपये नकद मिलने के आरोपों का जिक्र किया और कहा कि खुद को गरीबों का मसीहा बताने वालों को जिम्मेदारी से बयान देने चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की "नीलामी" चल रही है और दिल्ली में पर्चियां डाली जा रही हैं।



### मैडम सिद्धू बिना सोचे-समझे बयान देती हैं

*नवजोत कौर सिद्धू द्वारा सुरक्षा की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता पहले बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं और फिर जान को खतरे की बात करते हैं। "बोलने से पहले सोचना चाहिए," मान ने कहा। अंत में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर दोहराया कि आम आदमी पार्टी ने सभी को नामांकन भरने का पूरा मौका दिया। विपक्ष के आरोप निराधार हैं और उनकी हार का असली कारण उम्मीदवारों की कमी और जनता का भरोसा खोना है।*

# आज मतदान, 9,775 उम्मीदवारों का फैसला; 17 दिसंबर को नतीजा

## कुल 351 सीटें • आप 340, निर्दलीय 8, कांग्रेस 3 पर प्रत्याशी निर्विरोध

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए रविवार को मतदान होगा। राज्यभर में जिला परिषद की 347 सीटों और पंचायत समिति की 2,838 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगा। चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराए जाएंगे। शनिवार को सभी पोलिंग पार्टियां मतदान सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों पर पहुंच चुकी हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रेस वार्ता में बताया कि पंचायत समिति की कुल 351 सीटों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए, जिनमें 340 सीटें आम आदमी पार्टी, 8 निर्दलीय और 3 कांग्रेस के खाते में गईं। इन सीटों पर या तो सिंगल कैंडिडेट थे या नामांकन पत्रों में खामियों के कारण मुकाबला नहीं हो सका। मान ने कहा कि विपक्ष को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि उनके पास उम्मीदवार क्यों नहीं हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार पंचायत समिति चुनाव में आम आदमी पार्टी के 2,771, कांग्रेस के 2,433, शिरोमणि अकाली दल के 1,814, भाजपा के 1,127, बसपा के 195, अकाली दल (अ) के 3 और 686 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं जिला परिषद चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के 343, कांग्रेस के 331, शिरोमणि अकाली दल के 298, भाजपा के 215, बसपा के 50 और अकाली दल (अ) के 4 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।




### 860 अति संवेदनशील पोलिंग स्टेशन

*चुनाव आयोग ने राज्य में 860 पोलिंग स्टेशनों को अति संवेदनशील और 3,405 को संवेदनशील घोषित किया है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए करीब 90 हजार चुनाव कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा लगभग 44 हजार पुलिसकर्मियों को बूथों की सुरक्षा और पेट्रोलिंग ड्यूटी पर लगाया गया है। मतगणना 17 दिसंबर को होगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। 22 जिलों में जिला परिषद के लिए 1,280 और पंचायत समिति के लिए 8,495 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल, भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी अपने चुनाव चिन्हों पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं शिरोमणि अकाली दल (अ) और अकाली दल पुनर-सुरजीत ने कुछ स्थानों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कई जगहों पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन दिया है। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए 23 जिलों में वरिष्ठ आईएएस और पीसीएस अधिकारियों को पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही पटियाला, संगरूर, बरनाला, तरनतारन, रूपनगर, जालंधर, कपूरथला और मोगा जिलों में आईपीएस अधिकारियों को भी ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।*

### पैरी हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/खरड़**| इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी हत्याकांड मामले में चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में वांछित आरोपी सन्नी कुमार (35) को खरड़ से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी की निगरानी में डीसीसी और सेक्टर-26 थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस के अनुसार, सन्नी कुमार पर हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटरों को पनाह देने और लॉजिस्टिक सपोर्ट उपलब्ध कराने का आरोप है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## सिटीजन रिपोर्टर


***अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।***

## 8 नए सूचना आयुक्तों में पूर्व IAS-IPS और पत्रकार शामिल

# पूर्व कानून सचिव राजकुमार गोयल बनेंगे नए सीएआईसी!

एजेंसी | नई दिल्ली

लंबे समय से खाली पड़े केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) और सूचना आयुक्तों के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति की बैठक हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व कानून एवं न्याय सचिव राजकुमार गोयल को नया मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) चुना गया है।



एजेंसी रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय सूचना आयोग में आठ नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की जाएगी, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल होंगी। इनमें पूर्व रेलवे बोर्ड चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा और कानूनी विशेषज्ञ व पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड की सदस्य सुधा रानी रिलांगी के नाम शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि इस बार पैनल में महिलाओं की संख्या तीन तक हो सकती है, जो हाल के

**▪ पूर्व IPS और पत्रकार भी सूची में...**
*सूत्रों के अनुसार, चयनित नामों में पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी खुशवंत सिंह सेठी, पूर्व IPS अधिकारी स्वागत दास जो गृह मंत्रालय और इंटेलिजेंस ब्यूरो के साथ कार्य कर चुके हैं—भी शामिल हैं। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार पीआर रमेश, सुरेंद्र सिंह मीणा, आशुतोष चतुर्वेदी और संजीव कुमार जिंदल को भी सूचना आयुक्त के रूप में चुने जाने की जानकारी है। इन नियुक्तियों पर सरकार की अंतिम मंजूरी के बाद केंद्रीय सूचना आयोग करीब सात साल बाद अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करेगा। नियमों के मुताबिक आयोग में एक CIC के अलावा अधिकतम 10 सूचना आयुक्त हो सकते हैं।*

**▪ 13 सितंबर से खाली था CIC का पद...**
*मुख्य सूचना आयुक्त का पद 13 सितंबर को हीरालाल सामरिया के 65 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद से रिक्त था। इसके बाद आयोग केवल दो सूचना आयुक्तों आनंदी रामलिंगम और विनोद कुमार तिवारी के साथ काम कर रहा था, जबकि आठ सूचना आयुक्तों के पद नवंबर 2023 से खाली पड़े थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति ने बुधवार को नए CIC, आठ सूचना आयुक्तों और एक सतर्कता आयुक्त के नामों पर निर्णय के लिए बैठक की थी। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया को लेकर कड़ी असहमति जताई थी, हालांकि बाद में सरकार ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया।*

# मेसी के कार्यक्रम में हंगामा... फैंस की तोड़फोड़ से सीएम ममता बनर्जी नाराज

## • आयोजक गिरफ्तार, ममता का जांच समिति का ऐलान, भाजपा ने साधा निशाना

एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेसी के कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था फैल गई। कार्यक्रम के बीच मेसी के जल्दी स्टेडियम छोड़ने से नाराज फैंस भड़क उठे और उन्होंने तोड़फोड़ की। इस घटना पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरी नाराजगी और दुख जताया है। उन्होंने पूरे मामले के लिए माफी मांगते हुए जांच समिति गठित करने का एलान किया है। इस बवाल के बाद पुलिस ने एक्शन लिया और मुख्य आयोजत एस दत्ता को गिरफ्तार कर लिया गया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि स्टेडियम में जिस तरह का कुप्रबंधन देखने को मिला, उससे वह बेहद आहत हैं। उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सॉल्ट लेक स्टेडियम जाने वाली थीं, जहां हजारों की संख्या में खेल प्रेमी और मेसी के प्रशंसक मौजूद थे। अपने पसंदीदा खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए लोग भारी कीमत पर टिकट लेकर पहुंचे थे, लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। G.O.A.T टूर के तहत भारत आए लियोनल मेसी ने स्टेडियम में लैप ऑफ ऑनर किया, लेकिन इसके तुरंत बाद उनके निकल जाने से माहौल बिगड़ गया।

नाराज दर्शकों ने कुर्सियां और बोतलें फेंककर विरोध जताया। स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे आयोजन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लियोनल मेसी और सभी खेल प्रेमियों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे फैंस की भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।



*घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने जांच समिति बनाने का फैसला लिया है। इस समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस अशिम कुमार रे करेंगे। समिति में राज्य के मुख्य सचिव और गृह व पहाड़ी मामलों के अतिरिक्त मुख्य सचिव को सदस्य बनाया गया है। यह समिति पूरे मामले की विस्तृत जांच करेगी, जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों की भूमिका तय करेगी और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव देगी।*

**▪ भाजपा का टीएमसी पर हमला...**
*इस घटना को लेकर सियासी घमासान भी तेज हो गया है। भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए हंगामे के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि लियोनल मेसी जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जहां-जहां गए, वहां ऐसी स्थिति नहीं बनी, लेकिन पश्चिम बंगाल में कुप्रबंधन के चलते यह घटना हुई। सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि पूरे कार्यक्रम पर टीएमसी का कब्जा था और इसमें पार्टी के कई मंत्री और नेता शामिल थे। उन्होंने टिकटों की कालाबाजारी और भारी कीमतों पर बिक्री का आरोप भी लगाया।*

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### दिल्ली में प्रदूषण अपने चरम पर पहुंचा, और हालात बेहद गंभीर हो गए

# दिल्ली में प्रदूषण के चलते ग्रैप-3 लागू, AQI 400 पार

समर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण आज अपने चरम पर पहुंच गया है और हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। हवा की गुणवत्ता में अचानक आई भारी गिरावट को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने तत्काल प्रभाव से ग्रैप-3 लागू कर दिया है। यह फैसला 13 दिसंबर की सुबह लिया गया, जब राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 400 से ऊपर दर्ज किया गया। इसका सीधा असर आम जनजीवन, स्वास्थ्य और प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ा है।

CAQM के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता के कारण AQI एक बार फिर 400 के पार चला गया है। स्थिति को काबू में करने के लिए GRAP-3 के तहत कड़ी पाबंदियां लागू की गई हैं। इसके अंतर्गत गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ कार्य, कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री की ढुलाई, स्टोन क्रशर, ईंट भट्टे, खनन गतिविधियां और डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही गैर-जरूरी वाहनों पर नियंत्रण और औद्योगिक उत्सर्जन की सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि इन कठोर कदमों के बिना प्रदूषण पर नियंत्रण संभव नहीं है।

### • AQI के आंकड़े और जमीनी हालात

*शनिवार सुबह दिल्ली धुएं की घनी चादर में लिपटी नजर आई। कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे शहर को ऊपर से देखना भी मुश्किल हो गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, राजधानी के 21 निगरानी स्टेशनों पर AQI 400 से अधिक दर्ज किया गया। वजीरपुर में AQI 445, विवेक विहार में 444, जहांगीरपुरी में 442, आनंद विहार में 439 और अशोक विहार व रोहिणी में 437 दर्ज किया गया। इसके अलावा नरेला में 432, पटपड़गंज में 431, मुंडका में 430 और बवाना, आईटीओ तथा नेहरू नगर में 429 AQI दर्ज किया गया।*

**▪ जरूरी सेवाओं को सशर्त राहत...** *मेट्रो, रेलवे, हवाई अड्डा, हाईवे, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े जरूरी प्रोजेक्ट्स को सशर्त छूट दी गई है। दिव्यांगजनों के लिए रियायती वाहनों की अनुमति दी गई है। साथ ही पांचवीं कक्षा तक हाइब्रिड शिक्षा व्यवस्था लागू करने और लोगों को सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई है।*

**▪ प्रदूषण बढ़ने के कारण...** *विशेषज्ञों के अनुसार, दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के पीछे कई कारण एक साथ जिम्मेदार हैं। सबसे बड़ा कारण पश्चिमी राज्यों में पराली जलाना माना जा रहा है, जिससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ दिल्ली-एनसीआर तक पहुंच रहा है। इसके अलावा राजधानी की भौगोलिक स्थिति, हवा की कम गति, वाहनों की बढ़ती संख्या, लगातार चल रहे निर्माण कार्य और औद्योगिक गतिविधियां भी हालात को और खराब कर रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम के पैटर्न में भी बदलाव आया है। मानसून का जल्दी आना, लंबे समय तक बारिश होना और अब असामान्य सर्दी—इन सभी का सीधा असर प्रदूषण के स्तर पर पड़ रहा है। ऐसे में विशेषज्ञों ने लोगों से सावधानी बरतने, अनावश्यक बाहर निकलने से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।*

# मनरेगा का नाम बदलेगा, 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना'

## ▪ काम के दिन बढ़ाने वाले बिल को कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (MGN-REGA) का नाम बदलकर अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक्ट का नाम बदलने और योजना के तहत काम के दिनों की संख्या बढ़ाने से जुड़े विधेयक को मंजूरी दे दी। अब इस योजना में काम के दिनों की सीमा 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम को आमतौर पर मनरेगा के नाम से जाना जाता है।

### ▪ नाम बदलना फिजूलखर्ची : प्रियंका

*योजना का नाम बदलने के फैसले को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की मंशा समझ नहीं आती। उन्होंने इसे फिजूलखर्ची करार देते हुए कहा कि यह महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी योजना है और नाम बदलने पर सरकारी संसाधनों का दोबारा इस्तेमाल करना पड़ता है। "दफ्तरों से लेकर स्टेशनरी तक सब कुछ बदलना पड़ता है, जो एक महंगी प्रक्रिया है। ऐसे में इससे क्या हासिल होगा?" उन्होंने सवाल किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अब तक उसकी 32 योजनाओं के नाम बदल चुकी है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने कहा कि जिस मनरेगा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले कांग्रेस की विफलताओं का प्रतीक बताते थे, वही योजना ग्रामीण भारत के लिए संजीवनी साबित हुई है। सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया कि सरकार ने अब उसी योजना का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' रख दिया है।*

# बीजेपी नेता के भतीजे की चाकू मारकर हत्या अंतिम संस्कार में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

## चाकू से गोदकर की गई हत्या, 17 वर्षीय विकास की मौत से इलाके में दहशत

समर न्यूज | जालंधर

पंजाब के जालंधर में भाजपा नेता शीतल अंगुराल के 17 वर्षीय भतीजे विकास का शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। शुक्रवार देर रात विकास की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मां ने बेटे के सिर पर सेहरा बांधा और माथा चूमकर उसे अंतिम विदाई दी। मां का कहना था कि उनका बेटा मरते वक्त पानी के लिए तड़पता रहा और आरोपियों ने उसके सीने में चाकू घोंपकर दिल निकाल दिया।

जानकारी के अनुसार, जालंधर के शिवाजी नगर इलाके में किसी बात को लेकर हुए झगड़े के दौरान रवि कुमार उर्फ कालू ने विकास पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने विकास की छाती में तीन बार चाकू मारे। घायल हालत में विकास गली में दौड़ता हुआ पहुंचा और एक महिला से पानी मांगा, लेकिन पानी आने से पहले ही वह बेसुध होकर गिर पड़ा। उसे तुरंत कपूरथला चौक स्थित जोशी अस्पताल ले जाया गया, जहां रात करीब साढ़े 11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां ने रोते हुए कहा कि जिन लोगों ने उनके बेटे की जान ली है, उन्हें भी उसी तरह



मृतक विकास और आरोपी कालू। - समर न्यूज

की सजा मिलनी चाहिए। श्मशान घाट में विकास के पिता दौलत राम ने बेटे को मुखाग्नि दी।

भाजपा नेता शीतल अंगुराल ने हत्या के पीछे नशे को वजह बताया। उन्होंने कहा कि बस्ती दानिशमंदा इलाके में नशा खुलेआम बिक रहा है और उनके भतीजे की हत्या भी नशेड़ियों द्वारा की गई है। वहीं अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा नेता प्रदीप खुल्लर ने भी इलाके में नशे के कारोबार पर पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए।

मामले में डीएसपी परमजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपी कालू के घर पर भी रेड की गई, लेकिन वह फरार मिला। पुलिस ने थाना डिवीजन नंबर-5 में FIR नंबर 183 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

घटनास्थल से दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने रवि कुमार उर्फ कालू और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

### पंजाब में फिर शर्मनाक हरकत

# गुरुद्वारा साहिब में बेअदबी की कोशिश से भड़का रोष

समर न्यूज | फिरोजपुर

पंजाब में एक बार फिर बेअदबी की कोशिश का मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के मुताबिक यह घटना एक गुरुद्वारा साहिब में हुई, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा आपत्तिजनक हरकत करने की कोशिश की गई। जैसे ही संगत को इसकी भनक लगी, वहां मौजूद लोगों में भारी रोष फैल गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरोपी गुरुद्वारा साहिब के अंदर संदिग्ध गतिविधियां कर रहा था, जिस पर संगत ने उसे मौके पर ही काबू में कर लिया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात



किया। घटना के बाद गुरुद्वारा साहिब के बाहर बड़ी संख्या में संगत इकट्ठा हो गई। लोगों ने जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। संगत का कहना है कि लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया और भरोसा दिलाया कि मामले की गहराई से जांच की जाएगी। शुरुआती जांच में आरोपी की मानसिक स्थिति और उसके इरादों की भी पड़ताल की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सिख संगठनों और धार्मिक नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने संगत से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था का सम्मान करने की अपील की है। साथ ही सरकार से गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और कड़ी करने की मांग भी उठाई गई है। फिलहाल इलाके में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सतर्कता के चलते स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही इस पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

# अमृतसर में जूता कारोबारी की हत्या

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, एसीपी बोले-मौत के कारण पोस्टमॉर्टम के बाद होंगे स्पष्ट

समर न्यूज | अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में एक जूता कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह कारोबारी का शव उसकी ही दुकान के भीतर पड़ा मिला। शव के हाथ-पैर बंधे हुए थे और शरीर पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला अमृतसर के हाथी गेट क्षेत्र स्थित DAV स्कूल के पास का है। यहां 'गुप्ता लाइट एंड साउंड' नामक दुकान में इस्लामाबाद निवासी यशपाल जूते-चप्पलों का कारोबार करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यशपाल लंबे समय से इसी दुकान में काम कर रहा था और दुकान के ऊपर बने कमरे में अकेला रहता था। शनिवार सुबह लोगों ने दुकान का शटर आंशिक रूप से खुला देखा। कई बार आवाज लगाने



के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद शटर उठाकर देखने पर यशपाल का शव दुकान के अंदर पड़ा मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे और शरीर पर चोटों के निशान थे। प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मृतक अपने परिवार से अलग रहता था। उसकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी इस्लामाबाद (अमृतसर) क्षेत्र में रहते हैं। एसीपी जसपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। परिवार को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी।

# अमृतसर कस्टम्स ने सिगरेट तस्करी का किया पर्दाफाश

समर न्यूज | अमृतसर

अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिगरेट तस्करी के एक मामले का पर्दाफाश किया है। कस्टम्स अधिकारियों ने दो यात्रियों को हिरासत में लिया है, जिनके पास से भारी मात्रा में विदेशी सिगरेट बरामद की गई हैं। इस कार्रवाई के बाद एयरपोर्ट सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार, कस्टम्स अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ यात्री विदेश से अवैध रूप से सिगरेट की खेप लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर एयरपोर्ट पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जैसे ही दोनों संदिग्ध यात्री एयरपोर्ट पहुंचे, अधिकारियों ने उन्हें जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान यात्रियों के बैग से बड़ी संख्या में विदेशी ब्रांड की सिगरेट बरामद हुईं, जिन्हें कपड़ों और अन्य सामान के बीच छिपाकर लाया गया था।



विदेशी ब्रांड की बरामद सिगरेट। - समर न्यूज

शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी इन सिगरेटों को पंजाब और आसपास के इलाकों में ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। कस्टम्स विभाग ने सिगरेट की खेप को जब्त कर लिया है और दोनों यात्रियों से पूछताछ जारी है।

अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पीछे कोई बड़ा तस्करी नेटवर्क तो काम नहीं कर रहा। जरूरत पड़ने पर अन्य एजेंसियों को भी जांच में शामिल किया जाएगा। कस्टम्स अधिकारियों ने साफ किया है कि अवैध तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा। एयरपोर्ट पर यात्रियों की जांच और निगरानी और कड़ी कर दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी गैरकानूनी गतिविधि को रोका जा सके।

# वोटिंग से 1 दिन पहले पंजाब इलेक्शन कमीशन के पास पहुंची शिकायत

समर न्यूज | कपूरथला

पंजाब में मतदान से ठीक एक दिन पहले इलेक्शन कमीशन के पास एक अहम शिकायत पहुंचने से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस शिकायत के सामने आने के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। शिकायत में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन, अवैध प्रचार, वोटरों को प्रभावित करने और प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता की ओर से मांग की गई है कि मामले की तुरंत जांच की जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रह सके। शिकायत मिलते ही पंजाब इलेक्शन कमीशन हरकत में आ गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। संबंधित जिलों के चुनाव अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की गई है और जरूरत पड़ने पर पर्यवेक्षकों की विशेष टीम भी गठित की जा सकती है। वोटिंग से ठीक पहले इस तरह की शिकायत सामने आने से राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। विपक्षी दलों ने सत्ताधारी पक्ष पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया है, जबकि संबंधित पक्ष ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। प्रशासन की ओर से मतदाताओं को भरोसा दिलाया गया है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी या नियम उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गोल्डी बराड़ गैंग पर बड़ी कार्रवाई फिरौती मांगने वाले दो गुर्गे गिरफ्तार

समर न्यूज | जालंधर

पंजाब में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ गैंग पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फिरौती मांगने के मामले में उसके दो सक्रिय गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद अपराध जगत में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी लंबे समय से गोल्डी बराड़ गैंग के इशारों पर काम कर रहे थे और व्यापारियों व उद्योगपतियों को धमकी भरे कॉल कर मोटी रकम की फिरौती मांगते थे। आरोपी पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देकर डराने का काम करते थे। पुलिस को इनके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद एक विशेष टीम का गठन कर यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने गैंग से जुड़े कई अहम राज उगले हैं। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है, जिनका इस्तेमाल फिरौती की कॉल करने में किया जाता था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से गोल्डी बराड़ गैंग की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ेगा। साथ ही, अन्य गैंग मेंबर्स और नेटवर्क को भी जल्द ही पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस ने व्यापारियों और आम लोगों से अपील की है कि अगर किसी भी तरह की धमकी या फिरौती की कॉल आती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन का कहना है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शख्स रातों-रात बना लखपति, परिवार में खुशी का माहौल

समर न्यूज | फाजिल्का

फाजिल्का के एक व्यक्ति ने यहां एक लॉटरी की दुकान से 5 लाख पचास हजार का इनाम जीता है। लॉटरी ऑपरेटर रूप चंद और बॉबी बावेजा ने बताया कि विजेता शमशेर सिंह काफी समय से अपनी मेहनत और किस्मत पर भरोसा कर रहा था।

आज जब ड्रॉ हुआ तो शमशेर सिंह के नाम की घोषणा होते ही पूरे इलाके में चर्चा होने लगी।

रूप चंद और बॉबी बावेजा ने बताया कि उन्होंने शमशेर सिंह को जो टिकट बेचा, उसने उसे रातों-रात लखपती बना दिया।

उसने पहले 500,000 रुपये जीते और बाद में 50,000 रुपये का इनाम जीता जिससे उसके परिवार में खुशी का माहौल है।

# प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए सीएम को दिया आमंत्रण

## सर्वोत्तम व्यवस्था करने के अधिकारियों को दिये निर्देशः सीएम नीतीश कुमार

दलजीत विक्की। पटना
समर न्यूज

पटना साहिब में साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व की तैयारियों के तहत गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रबंधक कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि वे तख़्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में आयोजित होने वाले 359वें प्रकाशोत्सव में गुरु महाराज के चरणों में हाज़िरी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रकाश पर्व राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक



नीतीश कुमार और प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी व अन्य। - समर न्यूज

अवसर है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि 25 दिसंबर से आरंभ होने वाले प्रकाश पर्व को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत और सूक्ष्म समीक्षा की जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि संगत को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता मालविंदर सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा आमंत्रण स्वीकार करने और प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाशोत्सव श्रद्धा, अनुशासन और सेवा भावना का भव्य संगम बनेगा।

# पंजाब में दिन-दहाड़े व्यापारी नेता की हत्या

## दिन-दहाड़े हमले से दहशत, मौके पर ही व्यापारी नेता की मौत

समर न्यूज | पंजाब

पंजाब में दिन-दहाड़े एक व्यापारी नेता की हत्या से सनसनी फैल गई है। यह वारदात उस वक्त हुई जब व्यापारी नेता अपने रोज़मर्रा के काम से बाहर निकले थे। अचानक अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर पूरी तैयारी के साथ आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। दिन-दहाड़े हुई इस हत्या से व्यापारिक वर्ग में भारी रोष और डर देखा जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में यह मामला आपसी रंजिश, व्यापारिक विवाद या फिर साजिश के एंगल से देखा जा रहा है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। कई व्यापारियों ने बाजार बंद करने की चेतावनी दी है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। व्यापारी नेताओं का कहना है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल इस सनसनीखेज हत्या ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। लोग सहमे हुए हैं और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस जांच के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि इस हत्या के पीछे असली वजह क्या थी।

# जालंधर में पॉक्सो आरोपी एसएचओ को झटका

## हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की, पीड़िताओं से अश्लील बातचीत के आरोप

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब के जालंधर देहाती क्षेत्र के थाना फिल्लौर के सस्पेंडेड एसएचओ भूषण कुमार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। एसएचओ पर रेप पीड़िता से थाने में अश्लील बातें करने और एक अन्य युवती को अकेले कमरे में बुलाने जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनसे जुड़े ऑडियो भी सामने आए थे।

हाईकोर्ट में पीड़ित महिलाओं की ओर से पेश सरकारी वकील ने दलील दी कि यदि आरोपी को जमानत दी जाती है तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। कोर्ट ने सबूतों और जांच की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस स्तर पर जमानत देना उचित नहीं माना और मामले में कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए।

पीड़ित महिलाओं के बयान सामने



भूषण कुमार। - समर न्यूज

आने के बाद पंजाब महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लिया था। इसके बाद बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी सक्रिय हुआ और एसएचओ भूषण कुमार को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया। आगे चलकर उनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई, हालांकि अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस केस की निगरानी बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरमैन कंवरदीप सिंह कर रहे हैं। कोर्ट ने भी स्पष्ट किया कि जांच में तेजी लाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

**24 अगस्तः पहली पीड़िता सामने आई** : फिल्लौर क्षेत्र की एक महिला थाने पहुंची और पड़ोस में रहने वाले युवक पर अपनी बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। आरोप है कि SHO ने FIR दर्ज करने के बजाय महिला से अश्लील बातें कीं और बार-बार अकेले आने का दबाव बनाया। पीड़िता ने बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली और लोक इंसाफ मंच के माध्यम से महिला आयोग तक मामला पहुंचाया।

**12 अक्टूबरः दूसरी पीड़िता ने लगाए आरोप** : इसके बाद दूसरी युवती ने भी सामने आकर आरोप लगाया कि एसएचओ ने उसे शिकायत के बहाने थाने बुलाकर गलत व्यवहार किया, फोन कॉल्स के जरिए परेशान किया और पीछा किया। परिजनों द्वारा समझाने के बावजूद कथित तौर पर उत्पीड़न जारी रहा।

साझेदारी | पंजाब को सबसे पसंदीदा निवेश स्थान के रूप में पेश किया

# पंजाब-यूके रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर जोर : सीएम मान

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज पंजाब और ब्रिटेन (यू.के.) के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की वकालत करते हुए कहा कि पंजाब को निवेश और विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। चंडीगढ़ में यू.के. हाई कमीशन की डिप्टी हाई कमिश्नर एल्बा समैरिग्लियो के नेतृत्व में आए उच्च-स्तरीय शिष्टमंडल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने व्यापारिक भागीदारी को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भगवंत सिंह मान ने मोहाली को विश्व स्तर पर बेहतर ढंग से संगठित शहरों में से एक बताया और कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में उभरने के लिए पंजाब में अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। उन्होंने यह भी



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान। - समर न्यूज


कहा कि पंजाब के विद्यार्थी सुरक्षित और कानूनी तरीकों से यू.के. में अवसर तलाशने के इच्छुक हैं और इस दिशा में राज्य सरकार हर संभव सहयोग देगी। मुख्यमंत्री ने गैंगस्टरों जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए कहा कि ऐसे मामले सीमाओं से परे होते हैं और पंजाब सरकार न्यायिक प्रक्रियाओं तथा आवश्यक कानूनी सहायता में यू.के. के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।

उन्होंने यू.के. की कंपनियों का स्वागत करते हुए पंजाब को निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में बसे प्रवासी पंजाबी समुदाय ने अपनी क्षमता व प्रतिभा से विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने निवेश के प्रमुख क्षेत्रों—कृषि मशीनरी, खाद्य प्रसंस्करण, आई.टी. सहित अन्य सेक्टरों—की पहचान भी करवाई। मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल को बताया कि पंजाब का मजबूत निवेश इकोसिस्टम वाजिब बिजली दरें, विकसित सुविधाएँ और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। राज्य कारोबार सरलता से करने में पहले स्थान पर है तथा सिंगल विंडो सिस्टम पारदर्शी रूप से सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से पंजाब राइट टू बिज़नेस एक्ट लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल को मार्च माह में मोहाली में आयोजित होने वाले प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन (पी पी आई एस) में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पंजाब को "अवसरों की भूमि" बताते हुए कहा कि विश्व-प्रसिद्ध कंपनियाँ यहाँ अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं, जो राज्य की मजबूत कानून-व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि नज़दीकी भविष्य में मोहाली "दुनिया की अगली सिलिकॉन वैली" के रूप में उभरेगा, क्योंकि यहाँ निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहाली में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है और 100 किलोमीटर के दायरे में बड़ी संख्या में कुशल तथा प्रतिभाशाली कार्यबल उपलब्ध है, जो इसे निवेश के लिए उपयुक्त स्थान बनाता है। उन्होंने शिष्टमंडल से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने और संभावनाओं का आकलन करने की अपील की, ताकि पंजाब के विकास को और गति दी जा सके। इस दौरान यू.के. की डिप्टी हाई कमिश्नर ने प्रवासी पंजाबी समुदाय की क्षमता और उनके पास मौजूद विशाल निवेश संसाधनों की सराहना की।

मुख्य क्षेत्रों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में मुख्यमंत्री ने पंजाब में निवेश के अनुकूल वातावरण की जानकारी दी और यू.के. के प्रतिनिधियों से पंजाब आकर अवसरों की संभावनाएँ देखने का अनुरोध किया।

## मैं बोलूंगा तो...

### संसद में दिन में तलवारें, रात को गले यही है भारतीय राजनीति!



समर न्यूज | चंडीगढ़

अगर आप सोचते हैं कि राजनीति में विचारधाराएं रिश्ते तोड़ देती हैं, तो आप अभी भी आम नागरिक हैं। ज़रा नेताओं से सीखिए। गत दिनों संसद में ऐसा लगा मानो लोकतंत्र खतरे में है, संविधान कांप रहा है और देश दो धड़ों में बंट चुका है। आरोप–प्रत्यारोप, वोट चोरी, SIR और लोकतंत्र की हत्या पर ऐसी ज़ोरदार बहस हुई कि दर्शक दीर्घा तक पसीना आ गया। लेकिन जैसे ही शाम ढली, लोकतंत्र ने राहत की सांस ली—और सीधा पहुंच गया शरद पवार के दिल्ली वाले ड्रॉइंग रूम में।

दिनभर संसद में एक-दूसरे को लोकतंत्र का दुश्मन बताने वाले नेता, शाम को मुस्कुराते हुए एक-दूसरे से पूछते दिखे "चाय लेंगे या कॉफी?" यही है भारतीय राजनीति की असली तस्वीर, जहां सिद्धांत संसद तक सीमित रहते हैं और रिश्ते ड्रॉइंग रूम में जिंदा रहते हैं।बहाना था शरद पवार का जन्मदिन—जो असल में दो दिन बाद था। लेकिन राजनीति में तारीख से ज़्यादा जरूरी है मौका। और पवार साहब ऐसा मौका छोड़ें, ऐसा हो नहीं सकता। देखते ही देखते उनके घर सत्ता और विपक्ष का ऐसा संगम हुआ, मानो कोई सर्वदलीय बारात निकल आई हो।

कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, शिवसेना, सीपीआई—सबने पवार के दरवाजे पर दस्तक दी। दिन में जिन मुद्दों पर एक-दूसरे की आवाज़ दबाने की कोशिश हो रही थी, रात को उन्हीं आवाज़ों से "हैप्पी बर्थडे शरद जी" गूंज रहा था। संसद में लोकतंत्र खतरे में था, लेकिन पवार के घर लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित दिखा—कम से कम चाय-नाश्ते तक।

सबसे दिलचस्प यह रहा कि इस 'विपक्षी जमावड़े' में बीजेपी के कुछ सांसद भी सहज भाव से शामिल हो गए। मतलब साफ है—राजनीति में दुश्मनी स्थायी नहीं होती, बस कैमरे के सामने होती है। कैमरा हटते ही सब पुराने दोस्त।

रात होते-होते राहुल गांधी और राघव चड्ढा की एंट्री ने माहौल और रंगीन कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे 'बर्थडे पार्टी' नहीं, बल्कि 'पावर पॉलिटिक्स का लाइव डेमो' बताया। संदेश साफ था—शरद पवार उम्र में भले वरिष्ठ हो गए हों, लेकिन राजनीति की शतरंज में आज भी वही बाज़ीगर हैं। इस पूरी महफिल ने आम आदमी को एक बार फिर समझा दिया कि राजनीति में लड़ाइयां संसद के भीतर होती हैं और समझौते ड्रॉइंग रूम में। दिन में देश के भविष्य पर बहस, रात को एक-दूसरे के साथ सेल्फी यही है लोकतंत्र का असली उत्सव।

#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #Parliment

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



आपका आज का दिन नई उम्मीदों, सकारात्मक सोच और अच्छे अवसरों से भरपूर रहे। सुबह की पहली किरण के साथ आपके जीवन में ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास आए। हर छोटा प्रयास आपको बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाए और हर चुनौती आपको मजबूत बनाए। आज जो भी काम करें, उसे पूरे मन और विश्वास के साथ करें। रास्ते में आने वाली मुश्किलें आपको रोकें नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा दें। अपनों का साथ, सच्ची मुस्कान और संतोष की भावना आपके दिन को और खूबसूरत बनाए। स्वस्थ रहें, खुश रहें और दूसरों की मदद करने का अवसर मिले तो जरूर करें, क्योंकि अच्छाई हमेशा लौटकर आती है। अपने सपनों पर भरोसा रखें और खुद पर विश्वास बनाए रखें। हर नए पल को खुले दिल से स्वीकार करें और बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़ दें। आज का दिन सीखने, आगे बढ़ने और खुद को बेहतर बनाने का अवसर है।

***एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी***
***वाइस चेयरमैन, एआईएफटीपी (नॉर्थ ज़ोन), लुधियाना***

# सर्दी की दस्तक से लुधियाना का होजरी बाजार गरमाया

## • रिटेल और स्थानीय उद्योग पर चुनौतियां बरकरार, बाजारों में लौटी रौनक

गुरशरण सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

सर्दियों की दस्तक के साथ ही होजरी और वूलन उत्पादों की मांग में तेज़ उछाल देखने को मिल रहा है, जिसका सबसे अधिक फायदा देश के प्रमुख होजरी हब लुधियानाको मिल रहा है। शहर के थोक और खुदरा बाजारों में ग्राहकों की बढ़ती आवाजाही से लंबे समय बाद कारोबारियों के चेहरों पर रौनक लौटी है। व्यापारियों का कहना है कि भले ही इस साल ठंड की शुरुआत देर से हुई हो, लेकिन मौसम के रुख को देखते हुए ठंड अधिक पड़ने के आसार हैं। इसी उम्मीद में लोग पहले से ही गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कारोबारियों के अनुसार, सीजन की शुरुआत में ही पिछले साल का अधिकांश स्टॉक क्लियर हो चुका है। इसके चलते नए ऑर्डरों की रफ्तार तेज हुई है। खास बात यह है कि इस बार उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीरजैसे राज्यों से थोक खरीदारों का आना समय से पहले शुरू हो गया है, जिससे होलसेल बाजारों में गतिविधियां तेज हो गई हैं।




फोटोः लक्की भट्टी

### • ड्यूक के उत्पादों की मांग बढ़ीः कुंतल राज



***कुंतल राज जैन***, डायरेक्टर ड्यूक फैशन्स ने बताया कि इस वर्ष ठंड अपेक्षाकृत देर से शुरू हुई, लेकिन मौजूदा मौसम संकेत दे रहे हैं कि इस बार ठंड ज्यादा तीव्र हो सकती है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तापमान गिर रहा है, वैसे-वैसे बाजार में गर्म कपड़ों की मांग तेज होती जा रही है। उनके अनुसार, इस साल होजरी उत्पादों की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रही है। खासतौर पर स्वेटर, जैकेट, थर्मल इनर और बच्चों के ऊनी कपड़ोंकी मांग में अच्छा इजाफा देखा जा रहा है। कुंतलने बताया कि उपभोक्ता अब गुणवत्ता और ब्रांड को लेकर अधिक सजग हो गए हैं, जिसका फायदा संगठित और भरोसेमंद ब्रांड्स को मिल रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि नकली या कॉपी उत्पादउद्योग के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। सस्ते दामों पर उपलब्ध ये उत्पाद न केवल ग्राहकों को भ्रमित करते हैं, बल्कि असली ब्रांड्स की साख और बिक्री दोनों पर असर डालते हैं।

### ▪ थोक कारोबार में मुनाफाः कैलाश थापर



स्पिरिट कंपनी के मालिक ***कैलाश थापर*** ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल दूसरे राज्यों से थोक माल की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत तक मुनाफाहुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि बाहरी राज्यों से कारोबार में तेजी आई है, लेकिन पंजाब में रिटेल कारोबार 30 से 40 प्रतिशत तक घट गया है। इसकी एक बड़ी वजह बाजार में सस्ते दामों पर उपलब्ध ब्रांड की कॉपीहै, जिसे उपभोक्ता तेजी से अपना रहे हैं। इससे असली ब्रांड्स को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा महंगाई, घटती क्रय शक्ति और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सस्ते विकल्पों की उपलब्धता ने भी स्थानीय बाजार पर दबाव बढ़ाया है। इन्हीं कारणों से पंजाब में होजरी का रिटेल कारोबार पिछले साल के मुकाबले और कमजोर पड़ा है।

### • चीनी फैब्रिक आयात से उद्योग दबाव में: आकाश



वहीं रेज कंपनी के मालिक ***आकाश बांसल*** का कहना है कि अब होजरी का कारोबार सिमटकर लगभग 15 दिसंबर से 15 जनवरीके बीच ही रह गया है। इसी सीमित अवधि में अधिक मुनाफा निकल पाता है। उन्होंने बताया कि रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टरइस समय दबाव में है, क्योंकि बड़ी मात्रा में चीन से फैब्रिक आयातकिया जा रहा है। इससे लुधियाना में तैयार होने वाले स्थानीय कच्चे माल की खपत घट रही है। बांसल के अनुसार, बड़े ब्रांड्स को कॉपी प्रोडक्ट्स से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, लेकिन जिस तरह से बाहर से फैब्रिक आ रहा है, उसका सीधा असर लुधियाना के ऊन बुनाई उद्योग और कपड़ा कच्चे मालपर पड़ रहा है। इससे स्थानीय उद्योग की लागत, रोजगार और उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है।

### • अब तक करीब 30 प्रतिशत से अधिक बिक्री हुई

होजरी सेक्टर से जुड़े जानकारों का दावा है कि पिछले साल की तुलना में अब तक करीब 30 प्रतिशत अधिक बिक्रीदर्ज की जा चुकी है। यदि मौसम इसी तरह ठंडा बना रहा, तो यह बढ़ोतरी और तेज हो सकती है। लंबे समय से मंदी झेल रहे इस उद्योग को इस बार अच्छे सीजन की उम्मीद है। थोक बाजारों में रिपीट ऑर्डरों की संख्या बढ़ रही है और व्यापारी आने वाले हफ्तों को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर, सर्दी ने लुधियाना के होजरी बाजार में नई गर्माहट ला दी है। ठंड बढ़ने के संकेत, थोक खरीदारों की बढ़ती आमद और ऑर्डरों में तेजी ने उद्योग को फिर से गति देने का काम किया है। कारोबारियों को भरोसा है कि यदि मौसम अनुकूल रहा, तो यह सीजन पिछले कई वर्षों की तुलना में बेहतर साबित हो सकता है।

# वायु प्रदूषण से बीमारियों या मौतों का डेटा उपलब्ध नहीं



समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद में बताया है कि देश में ऐसा कोई ठोस राष्ट्रीय डेटा मौजूद नहीं है, जिससे यह साबित किया जा सके कि मौतें या बीमारियाँ सीधे वायु प्रदूषण के कारण हुई हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई शहर खतरनाक प्रदूषण स्तर झेल रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के सवालों के जवाब में स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि वायु प्रदूषण सांस संबंधी रोगों का बड़ा ट्रिगर है, लेकिन मौतों का प्रत्यक्ष संबंध कई कारकों—जैसे खानपान, कार्यशैली, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, चिकित्सा इतिहास और आनुवंशिकता से मिलकर बनता है।

ओ'ब्रायन ने पूछा था कि क्या 2022 में पीएम2.5 से 17 लाख से अधिक मौतें हुईं? क्या बाहरी वायु प्रदूषण के कारण जीडीपी का 9.5% नुकसान हुआ? पिछले पाँच वर्षों में राज्य-वार मौतों का सरकारी अनुमान क्या है? क्या आर्थिक नुकसान का आकलन किया गया है? और पीएम2.5 कम करने के लिए समयबद्ध योजना क्या है?

जाधव ने कहा कि इन सवालों के आधिकारिक उत्तर के लिए पर्याप्त प्रत्यक्ष डेटा उपलब्ध नहीं है। सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का हवाला दिया, जिनमें शामिल हैं राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम। सभी 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए राज्य-स्तरीय कार्य योजनाएँ, वायु प्रदूषण पर स्वास्थ्य सलाह और जन-जागरूकता अभियान, अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों व फ्रंटलाइन वर्करों के लिए प्रशिक्षण। उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और अर्ली वार्निंग सिस्टम और 2019 से लागू नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम। हाल की रिपोर्टों जैसे जीबीडी और लांसेट काउंटडाउन ने संकेत दिया है कि भारत, विशेषकर दिल्ली, में वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। लांसेट के अनुसार, 2022 में प्रदूषण से 17.18 लाख मौतें हुईं, जो 2010 की तुलना में 38% अधिक हैं।

# आर्मेनिया में पंजाबी की हार्ट अटैक से मौत

समर न्यूज़ | गुरदासपुर

करज़ा लेकर रोज़गार की तलाश में आर्मेनिया गए एक पंजाबी युवक की वहां दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रविंदर सिंह, निवासी गांव अकरपुरा, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। वह करीब दो साल पहले रोज़गार के लिए आर्मेनिया गया था।



परिजनों के अनुसार, रविंदर सिंह अपने पीछे पत्नी, एक मंदबुद्धि बेटी और बेटे को छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। परिजनों ने बताया कि रविंदर सिंह के भाई का पहले ही निधन हो चुका था और घर की जिम्मेदारी पूरी तरह उसी पर थी। परिवार की रोज़ी-रोटी चलाने के लिए उसने कर्ज लेकर दो साल पहले आर्मेनिया जाने का फैसला किया था, जहां वह लेबर का काम करता था। परिवार को आर्मेनिया से उसके एक साथी का फोन आया, जिसमें बताया गया कि काम पर जाते समय रविंदर सिंह को अचानक दिल का दौरा पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। विदेश से मिली इस दुखद खबर से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में भी शोक की लहर है। परिजनों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि मृतक का शव जल्द से जल्द भारत लाने में मदद की जाए, ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके।

# 20 लाख भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता

## बेहतर रोजगार और जीवन स्तर बने प्रमुख कारण

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हर साल विदेश में बसने वाले भारतीयों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। औसतन करीब 2 लाख भारतीय हर साल देश की नागरिकता छोड़कर विदेशों में स्थायी रूप से बस रहे हैं। खासतौर पर पिछले पांच वर्षों में इस प्रवृत्ति में तेज़ उछाल देखा गया है। संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच साल में लगभग 9 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी है। इसके पीछे प्रमुख कारण विदेशों में बेहतर जीवन स्तर, रोजगार के अधिक अवसर और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मानी जा रही है। इन आंकड़ों की जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंहने संसद में दी।

मंत्री ने बताया कि 2011 से 2024 के बीच 20 लाख से अधिक भारतीयों ने देश की नागरिकता त्याग दी। वर्ष 2021 के बाद से इस संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। साल 2022 में रिकॉर्ड 2.25 लाख लोगोंने भारतीय नागरिकता छोड़ी, जबकि 2023 में यह संख्या 2.16 लाखरही। वर्ष 2024 के आधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं, लेकिन अनुमान है कि यह संख्या और बढ़ सकती है।

### ▪ पुराने आंकड़ों पर नजर



आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में 1,22,819भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी। 2012 में यह संख्या घटकर 1,20,923रही, लेकिन 2013 में बढ़कर 1,31,405हो गई। 2014 में मामूली गिरावटके साथ यह आंकड़ा 1,29,328रहा, जबकि 2015 में फिर बढ़कर 1,31,489तक पहुंच गया। इसके बाद के वर्षों में यह रुझान लगातार मजबूत होता गया।

**▪ विदेश में रह रहे भारतीयों की शिकायतें भी बढ़ीं...**

इस दौरान विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़ी शिकायतों में भी इजाफा देखने को मिला है। पिछले तीन वर्षों में विदेशी नागरिकों से संबंधित करीब 9.45 लाख शिकायतेंदर्ज की गईं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इनमें से अधिकांश शिकायतें ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (OCI) कार्ड धारकोंसे जुड़ी थीं।

सरकार के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25में विदेश में रह रहे भारतीयों से जुड़ी 16,127 शिकायतेंप्राप्त हुईं, जो सरकार के ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गईं। इनमें 11,195 मामलेमंत्रालय के सिस्टम पर और 4,932 शिकायतें CPGRAMSके जरिए सामने आईं।

शिकायतों के मामले में सऊदी अरबसबसे ऊपर रहा, जहां से 3,049 शिकायतेंदर्ज हुईं। इसके बाद UAE (1,587), मलेशिया (662), अमेरिका (620), ओमान (613), कुवैत (549), कनाडा (345), ऑस्ट्रेलिया (318), ब्रिटेन (299)और कतर (289)जैसे देशों से शिकायतें प्राप्त हुईं।

कुल मिलाकर, नागरिकता छोड़ने का बढ़ता आंकड़ा और विदेशों से आ रही शिकायतें भारत के लिए एक गंभीर सामाजिक और नीतिगत चुनौती के रूप में उभर रही हैं।

# उत्तर भारत में सर्दी का कहर, जनजीवन प्रभावित

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कई जिलों में बादल छाए हैं और ठंडी हवाएं कमजोर पड़ी हैं। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ सहित 18 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया, जबकि माउंट आबू में पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया। मध्य प्रदेश में भी कड़ाके की ठंड है, जहां 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा और इंदौर व पचमढ़ी में 5.2 डिग्री दर्ज किया गया। उधर, यूपी-बिहार में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित है, जबकि पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## अमेरिकी बाजार में भारतीय बासमती की हिस्सेदारी कम, दबाव की रणनीति माना जा रहा कदम

# चावल पर टैरिफ की ट्रंप की धमकी, भारत पर नहीं पड़ेगा असर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

अमेरिकी व्यापार वार्ताकारों की टीम भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत के लिए नई दिल्ली में मौजूद है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अमेरिकी बाजार में चावल डंप करने का आरोप लगाते हुए भारतीय चावल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप पहले ही भारतीय और ब्राजीलियाई उत्पादों के अमेरिका में आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू कर चुके हैं। ऐसे में चावल पर और शुल्क लगाने की चेतावनी को विशेषज्ञ भारत पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देख रहे हैं।

हालांकि, कृषि और व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम का भारतीय किसानों और चावल निर्यातकों पर बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। जानकारों के मुताबिक, भारत न तो अमेरिकी बाजार में चावल सस्ते दामों पर डंप कर रहा है और न ही इतनी बड़ी मात्रा में अमेरिका को निर्यात करता है कि वहां बाजार सिमटने से भारत को गंभीर नुकसान हो। वास्तविकता यह है कि भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात मुख्य रूप से बासमती चावल तक सीमित है।



भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक और निर्यातक देश है। वैश्विक चावल निर्यात में भारत की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है और भारत 127 देशों को चावल निर्यात करता है। अमेरिका को चावल निर्यात करने वाले प्रमुख देशों में भारत के अलावा चीन और थाईलैंड भी शामिल हैं। इसके बावजूद, अमेरिका को भारत से होने वाला निर्यात भारत के कुल चावल निर्यात का महज तीन प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान भारत ने अमेरिका को करीब 33.71 करोड़ डॉलर मूल्य का बासमती चावल भेजा था।

उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, अमेरिका को भारत से 2.7 लाख टन बासमती चावल का ही निर्यात होता है। जहां तक गैर-बासमती (परमल) चावल का सवाल है, तो अमेरिका को इसका निर्यात नाममात्र का है। दक्षिण भारत की कुछ मोटे दाने वाली किस्में जरूर सीमित मात्रा में अमेरिका भेजी जाती हैं, जो मुख्य रूप से वहां बसे दक्षिण भारतीय समुदाय की खाद्य जरूरतों को पूरा करती हैं। ऐसे में

### भारतीय बासमती की गुणवत्ता सबसे आगे

चावल निर्यातकों का कहना है कि भारतीय बासमती की गुणवत्ता और खुशबू ऐसी है कि पाकिस्तान सहित कोई भी देश इसकी बराबरी नहीं कर सकता। इसी वजह से वैश्विक बाजार में भारतीय बासमती की मांग स्थिर बनी हुई है। गैर-बासमती चावल के संदर्भ में भी भारत के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। हाल के दिनों में थाईलैंड और म्यांमार में परमल चावल के निर्यात दाम बढ़ने से भारतीय गैर-बासमती चावल की अंतरराष्ट्रीय मांग में तेजी आई है। इसी कड़ी में भारत अब रूस सहित अन्य नए वैश्विक बाजारों की तलाश में भी सफल होता दिख रहा है। निर्यातक संगठनों के मुताबिक, इन नए बाजारों में भारतीय चावल को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे अमेरिका पर निर्भरता और घट सकती है। वाणिज्य मंत्रालय ने फिलहाल ट्रंप की धमकी पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, व्यापारिक संगठनों ने सीमित चिंता जरूर जताई है। अधिकांश व्यापार विशेषज्ञों की राय है कि अतिरिक्त टैरिफ लागू होने की स्थिति में भी भारत की चावल निर्यात नीति और किसानों की आय पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके उलट, अमेरिका में कीमतें बढ़ने से वहां के उपभोक्ताओं पर दबाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर, जानकारों का कहना है कि ट्रंप की टैरिफ धमकी भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संदर्भ में दबाव बनाने का हथकंडा है, लेकिन यह दांव ज्यादा कारगर साबित होने वाला नहीं दिखता। भारतीय चावल खासतौर पर बासमती अपनी गुणवत्ता, मांग और विविध वैश्विक बाजारों के कारण आने वाले समय में भी मजबूत स्थिति में बने रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि यदि अमेरिका अतिरिक्त टैरिफ लागू करता है, तो इसका सीधा असर अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। पहले जहां 50 प्रतिशत टैरिफ से पहले अमेरिका में 10 पाउंड चावल 17–18 डॉलर में मिल जाता था, वहीं अब इसकी कीमत 21–22 डॉलर तक पहुंच चुकी है।

समर एक्सप्रेस



# जंगल में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

## घर में घुसकर अपहरण किया, पांच युवकों पर मामला दर्ज

**समर न्यूज़ | हरियाणा/पलवल**

हरियाणा के पलवल जिले के उटावड़ थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव में रविवार की देर रात एक ऐसी सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली वारदात हुई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। मात्र 14 वर्षीय एक नाबालिग लड़की के साथ पांच नामजद युवकों ने उसके घर में घुसकर अपहरण कर लिया, सुनसान जंगल में ले जाकर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर उसे घर के पास ही छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता के पिता ने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार रात करीब 1 बजे उनकी एक बकरी की अचानक मौत हो गई। वे अपने बेटे के साथ बकरी का शव खेतों में दफनाने चले गए, ताकि रात के अंधेरे में कोई समस्या न हो। इस दौरान घर पर उनकी 14 वर्षीय बेटी अकेली रह गई। जब पिता और भाई लौटे, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला पड़ा था और बेटी का कोई सुराग नहीं था। परिवार वालों ने घंटों आसपास के खेतों, नालियों, पड़ोसी घरों और गांव की गलियों में बेटी की तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। सब परेशान होकर रोने लगे और इलाके में हड़कंप मच गया। तभी रात के सन्नाटे में एक सफेद रंग की कार घर से थोड़ी दूरी पर रुकी। कार का दरवाजा खुला और रोती-बिलखती हुई लड़की बाहर निकली। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे, चेहरा पीला पड़ गया था, शरीर पर मार के निशान साफ नजर आ रहे थे। वह दौड़ती हुई पिता के पास पहुंची और सिसकते हुए पूरी भयावह घटना बयां करने लगी। पूछताछ में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पिता-भाई के घर से निकलते ही पांच युवक सफेद कार में उसके घर के बाहर आ धमके। इनके नाम शाहिद, मुज्जी, राकिम, जुनेद और एक अन्य शाहिद हैं। सभी स्थानीय गांवों के निवासी हैं और पहले भी छोटे-मोटे अपराधों में इनके नाम आ चुके हैं। उन्होंने जोर-जोर से दरवाजा खटखटाया। डरकर लड़की ने दरवाजा खोला ही था कि आरोपियों ने उसके मुंह पर कपड़ा ठोंस दिया, जिससे वह चीख भी न सकी। उसे खींचकर बाहर लाया गया, कार में जबरन ठूंसा गया और तेज रफ्तार से जंगल की ओर ले जाया गया। रास्ते भर विरोध करने पर उसे लातें और घूंसे मारे गए। सुनसान जंगल पहुंचकर पांचों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। सुनसान जगह उतार दिया और फरार हो गए। किसी तरह पीड़िता पैदल चलकर घर लौटी और परिवार को पूरी घटना बताई। घटना के दौरान भागते हुए एक आरोपी का मोबाइल फोन जंगल में ही गिर गया, जो पुलिस के लिए सबसे मजबूत सबूत साबित हो रहा है। थाना प्रभारी रेणु शेखावत ने कहा, "यह फोन हमारी जांच का सबसे मजबूत सबूत है। इससे कॉल डिटेल्स, लोकेशन हिस्ट्री, संपर्क नंबर और व्हाटएप चैट्स निकाली जा रही हैं। फोन की मदद से आरोपियों की आखिरी लोकेशन ट्रैक हो रही है।"परिवार वाले बेटी को लेकर तुरंत उटावड़ थाने पहुंचे। मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रेणु शेखावत ने फौरी तौर पर विशेष जांच टीम का गठन किया। टीम ने आरोपियों के मूल गांवों, रिश्तेदारों के घरों, पलवल शहर के होटलों और ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस को खबर है कि आरोपी आसपास ही छिपे हुए हैं। ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी की मदद ली जा रही है।

## करनाल में दिनदहाड़े फोन छीना और ट्रक लेकर मौके से बदमाश फरार

**समर न्यूज़ | करनाल**

करनाल जिले के इंद्री थाना क्षेत्र में नौरता गांव के पास दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने बजरी से लदे एक ट्रक को रास्ते में रोककर चालक से मोबाइल फोन छीना और ट्रक लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जगाधरी निवासी मतलूब शुक्रवार को पौंटा साहिब से बजरी लोड कर ट्रक लेकर करनाल की ओर जा रहा था। जब वह नौरता गांव से आगे पहुंचा, तभी बिना नंबर प्लेट की काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया।

बदमाशों ने ट्रक रुकवाया और चालक को डराकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद वे ट्रक लेकर फरार हो गए।

# सीएम सैनी के दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा

## 814 पुलिसकर्मी तैनात, कार्यक्रम स्थल पर तीन-स्तरीय सुरक्षा जांच व्यवस्था लागू

**समर न्यूज़ | फतेहाबाद**


सीएम नायाब सिंह सैनी - समर न्यूज़

फतेहाबाद में शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यापक और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर कुल 814 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी स्वयं पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन करेंगे, जबकि आठ डीएसपी अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालेंगे।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के अनुसार, तैनात बल में 6 डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर, 47 सब-इंस्पेक्टर, 488 सिपाही, 190 होमगार्ड और 74 एसपीओ शामिल हैं। शहर में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आठ नाके लगाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल, आवागमन मार्गों और पार्किंग क्षेत्रों में पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर तीन-स्तरीय सुरक्षा जांच व्यवस्था लागू की गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच के बाद ही लोगों को अंदर प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर विशेष शाखा, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड की तैनाती की गई है, जो लगातार परिसर की जांच कर रहे हैं। शुक्रवार शाम को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भी एमएम कॉलेज स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वेद फुलां भी उनके साथ मौजूद रहे।

**ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी सख्त, वैकल्पिक मार्ग तय** : मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रमुख चौराहों और मार्गों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की जांच और व्यवस्था के लिए अलग से पुलिस टीम लगाई गई है।

**सीसीटीवी और सादे कपड़ों में पुलिस की तैनाती** : सुरक्षा घेरा मजबूत करने के लिए शहर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई गई है, जिनकी निगरानी कमांड सेंटर से की जाएगी। भीड़ में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही साइबर सेल सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रखे हुए है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि सुरक्षा प्रबंधन को लेकर स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल, नगर निगम और आपदा प्रबंधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लिया गया है।

# किसान नेता रवि आजाद पर लड़की से छेड़छाड़ और अपहरण के आरोप

**समर न्यूज़ | भिवानी**


किसान नेता रवि आजाद - समर न्यूज़

भिवानी जिले में किसान नेता रवि आजाद पर अनुसूचित जाति की एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और उसके अपहरण के प्रयास के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता के पिता की शिकायत पर बहल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, करीब 15–20 दिन पहले नाबालिग लड़की बहल जाने के लिए गांव के बस स्टैंड पर खड़ी थी।

आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी रवि आजाद ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में आरोपी ने जबरन छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने खुद को बड़ा नेता बताते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 8 दिसंबर की रात एक बार फिर वही इनोवा गाड़ी नाबालिग के घर पहुंची। गाड़ी में सवार तीन अज्ञात युवकों ने कहा कि रवि आजाद ने उसे बुलाया है और जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद लड़की ने पूरी घटना अपने पिता को बताई, जिन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मामले पर डीएसपी क्राइम अनूप कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर किसान नेता रवि आजाद के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# 15 माह बाद विनेश फोगाट ने कुश्ती में लौटने का लिया फैसला

## ओलिंपिक अनुभव और मेहनत से विनेश जरूर जीतेंगी पदकः महावीर फोगाट

**समर न्यूज़ | चरखी दादरी**


महावीर फोगाट और विनेश फोगाट - समर न्यूज़

पूर्व ओलिंपियन पहलवान विनेश फोगाट द्वारा करीब 15 माह बाद संन्यास का फैसला वापस लेकर दोबारा कुश्ती मैट पर लौटने के निर्णय को उनके ताऊ और प्रारंभिक कोच, द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट ने पूरी तरह सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि विनेश का ओलिंपिक में पदक जीतने का सपना अब जरूर पूरा होगा।

महावीर फोगाट ने कहा कि विनेश के पास ओलिंपिक का लंबा और मूल्यवान अनुभव है, जो आने वाले समय में उनके बेहद काम आएगा। उनका मानना है कि इस अनुभव और कड़ी मेहनत के दम पर विनेश इस बार ओलिंपिक में पदक जीतने में सफल रहेंगी। महिला कुश्ती को नई पहचान दिलाने वाली और तीन बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी विनेश फोगाट के संन्यास से वापसी के फैसले से खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। महावीर फोगाट ने कहा कि विनेश के इस फैसले से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे देश के खेल प्रशंसक उत्साहित हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि जो सपना पिछली बार अधूरा रह गया था, उसे विनेश जरूर साकार करेंगी। पेरिस ओलिंपिक 2024 के बाद विनेश ने करीब 15 माह तक कुश्ती से दूरी बना ली थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए महावीर फोगाट ने कहा कि यह कोई बहुत लंबा अंतराल नहीं है। कई खिलाड़ी चोट या अन्य कारणों से इससे भी अधिक समय तक खेल से दूर रहते हैं और फिर मजबूत वापसी करते हैं। ओलिंपिक में अभी करीब तीन साल का समय शेष है, ऐसे में विनेश के पास खुद को फिर से तैयार करने का पर्याप्त अवसर है। महावीर फोगाट ने बताया कि विनेश ने अभ्यास शुरू कर दिया है और प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद गई हैं। उन्होंने कहा कि ओलिंपिक का अनुभव और पिछली गलतियों से मिली सीख इस बार उनके लिए निर्णायक साबित होगी। गौरतलब है कि पेरिस ओलिंपिक 2024 में फाइनल में पहुंचने के बाद 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण विनेश को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इस वजह से गोल्ड और सिल्वर मेडल की दहलीज पर पहुंचने के बावजूद उन्हें बिना पदक लौटना पड़ा। इस घटना से वे मानसिक रूप से टूट गई थीं और उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया था। देश लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर उनके गांव बलाली तक विनेश का भव्य स्वागत किया गया था। गांव में आयोजित सम्मान समारोह में महावीर फोगाट ने उन्हें संन्यास न लेने और खेल जारी रखने की सलाह दी थी। हालांकि उस समय निराशा के चलते विनेश ने मैट से दूरी बना ली थी। अब संन्यास वापस लेकर उनकी वापसी को भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।

# रोहित हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई खाप पंचायत से पहले गिरफ्तारी

**समर न्यूज़ | रोहतक**



पैरा पावरलिफ्टिंग के राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित धनखड़ हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जाट भवन रोहतक में प्रस्तावित सर्वखाप पंचायत से ठीक पहले भिवानी पुलिस की सीआईए टीम ने इस मामले में तीन आरोपियों, तरुण, वरुण और दीपक को कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की पुष्टि भिवानी के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने की है।

एसपी सुमित कुमार के अनुसार, सीआईए भिवानी की टीम आरोपियों को लेकर बेंगलुरु से रवाना हो चुकी है और देर रात तक उनके भिवानी पहुंचने की संभावना है। गिरफ्तारी की सूचना रोहतक के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया को भी दे दी गई है। वहीं, हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। गौरतलब है कि रोहतक जिले के गांव हुमायूंपुर निवासी 27 वर्षीय रोहित धनखड़ अपने दोस्त जतिन (निवासी चरखी-दादरी) के साथ भिवानी जिले के गांव रेवाड़ी खेड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां तिगड़ाना गांव से आई बारात के कुछ युवकों के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी विवाद के चलते जब रोहित और जतिन कार से वापस लौट रहे थे, तभी कार सवार युवकों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में जतिन किसी तरह बच निकलने में सफल रहा, जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां दो दिन तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

## भिवानी में युवक की डंडों से पीटकर हत्या

**समर न्यूज़ | भिवानी**

हरियाणा के भिवानी जिले में एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक युवक एक शादीशुदा महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था, जिससे नाराज महिला के भाइयों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव धनाना निवासी रिंकू जांगड़ा (30) के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री था। मृतक के भाई संजय जांगड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे रिंकू पड़ोस में रहने वाले एक दोस्त के घर खाना खा रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने फोन कर किसी काम के बहाने उसे बाहर बुला लिया। शिकायत के अनुसार, आरोपी रिंकू को गांव के मंदिर के पास से बाइक पर बैठाकर धनाना से बडेसरा जाने वाले मोड़ पर ले गए। वहां पहले से झज्जर का एक युवक अपने 5-6 साथियों के साथ मौजूद था।

# गुरुग्राम में शराब माफिया पर बड़ी कार्रवाई

## आरोपी के कब्जे वाली दुकान से करीब 4,000 पेटी विदेशी शराब बरामद

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**


आरोपी अंकुश गोयल - समर न्यूज़

गुरुग्राम पुलिस ने अवैध रूप से विदेशी शराब स्टॉक करने के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए सिग्नेचर टावर स्थित एक शराब दुकान के मालिक को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे वाली दुकान से करीब 4,000 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान नारनौल के गुरु नानक मोहल्ला निवासी अंकुश गोयल के रूप में हुई है। उसे राजस्थान के झुंझुनू से दबोचा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अंकुश गोयल शराब दुकान के तीन साझेदारों में से एक है और दुकान में उसकी हिस्सेदारी है।

बरामद की गई विदेशी शराब उसी और उसके एक अन्य पार्टनर की मिलीभगत से दुकान में स्टोर की गई थी। इस मामले में पुलिस पहले ही दुकान के मैनेजर को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसे फिलहाल पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने फरार चल रहे मालिक को पकड़ने में सफलता हासिल की। गुरुग्राम पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी शराब दुकान तक कैसे पहुंची, इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही और क्या इस नेटवर्क में अन्य आरोपी भी शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी अंकुश गोयल को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि अवैध शराब कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। जांच पूरी होने के बाद इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।

## चौटाला पर बेदी का हमला, सुरक्षा मांग को बताया दिखावा


कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने चौटाला परिवार को लेकर तीखा हमला बोला है। शाहाबाद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने दिग्विजय चौटाला और उनके परिवार पर अनावश्यक सुरक्षा लेने का आरोप लगाया। बेदी ने सवाल उठाया कि जब वे किसी संवैधानिक पद पर नहीं हैं, तो किस आधार पर सुरक्षा की मांग की जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सुरक्षा देने के लिए सरकार के स्पष्ट मानक तय हैं। विधायक, सांसद, राज्यसभा सदस्य, मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल जैसे पदों पर रहने वालों को ही सरकारी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

# शिक्षकों को बीएलओ बनाने पर इनेलो नाराज, पढ़ाई प्रभावित होने का आरोप

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**


अभय सिंह चौटाला - समर न्यूज़

हरियाणा में मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान में शिक्षकों को ब्लॉक लेवल अधिकारी के रूप में तैनात किए जाने के खिलाफ इंडियन नेशनल लोकदल ने विरोध जताया है। INLD अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इस कदम से सरकारी स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है और इसका समाधान तुरंत किया जाना चाहिए।

अभय चौटाला ने कहा कि बीएलओ ड्यूटी के लिए केवल अध्यापकों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। मतदाता सूची के परीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण और संशोधन, तथा चुनाव में मतदान करवाने का कार्य पहले भी अध्यापकों को सौंपा जाता रहा है। लेकिन एसआइआर प्रक्रिया लंबी और समय-सघन होने के कारण स्कूलों से अध्यापकों की गैरमौजूदगी बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अध्यापकों के अलावा अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी बीएलओ ड्यूटी का जिम्मा दिया जाए, खासकर उन स्कूलों में जहां अध्यापकों की संख्या कम है। अभय चौटाला ने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों में केवल दो या तीन शिक्षक हैं, वहां उन्हें बीएलओ ड्यूटी पर लगाने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है। INLD का कहना है कि राज्य सरकार को तुरंत कदम उठाकर शिक्षकों को अनावश्यक जिम्मेदारी से बचाना चाहिए और शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। अभय चौटाला ने जोर देकर कहा कि बीएलओ ड्यूटी के लिए विकल्प खोजने की जरूरत है ताकि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई बाधित न हो और बच्चों को उचित शिक्षा मिलती रहे।

## गुरुग्राम में मौसम ने बदली करवट

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

शनिवार को गुरुग्राम में सीजन का पहला हल्का कोहरा देखने को मिला, जिससे सुबह के समय विजिबिलिटी प्रभावित रही। सुबह करीब 7 बजे तक सड़कों पर धुंध छाई रही, हालांकि दिन चढ़ने के साथ कोहरा धीरे-धीरे साफ हो गया। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। सुबह 10 बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन ठंड का असर पूरे दिन बना रहा।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दिसंबर के अंतिम दिनों तक तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। आने वाले दिनों में सुबह और शाम के समय ठंड तेज होगी, वहीं कोहरे की तीव्रता भी बढ़ सकती है। 19 दिसंबर तक आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना जताई जा रही है, जिससे रात के तापमान में लगातार कमी आ सकती है।

**अटकलें** डीजीपी शत्रुजीत कपूर को लेकर अटकलें तेज

# हरियाणा पुलिस में जल्द बड़े स्तर पर फेरबदल

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**


डीजीपी शत्रुजीत कपूर - समर न्यूज़

हरियाणा पुलिस प्रशासन में शीघ्र ही बड़े पैमाने पर फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। डीजीपी और एडीजीपी स्तंर के अधिकारियों सहित कई आईपीएस और एचपीएस अफसरों की तबादला सूची किसी भी समय जारी हो सकती है।

प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर खास चर्चा है कि इस सूची में अवकाश पर चल रहे पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का नाम शामिल होगा या नहीं। सूत्रों के मुताबिक, यदि सरकार शत्रुजीत कपूर को डीजीपी पद पर बनाए नहीं रखती है तो उन्हें एंटी करप्शन ब्यूरो, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो या पुलिस आवास निगम जैसी किसी अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक के तौर पर शत्रुजीत कपूर भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की सख्त नीति को प्रभावी ढंग से लागू कर चुके हैं।

गौरतलब है कि आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव के बीच शत्रुजीत कपूर दो माह के अवकाश पर चले गए थे। इस दौरान डीजीपी रैंक के अधिकारी ओपी सिंह को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था। शत्रुजीत कपूर का अवकाश 14 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि अवकाश से लौटने के बाद तकनीकी रूप से शत्रुजीत कपूर पहले डीजीपी पद का कार्यभार संभालेंगे। यदि सरकार उन्हें इस पद से नहीं हटाती है तो वे डीजीपी के रूप में अपनी सेवाएं जारी रख सकते हैं। वहीं, यदि उन्हें किसी अन्य पद पर स्थानांतरित किया जाता है तो ओपी सिंह को 31 दिसंबर तक कार्यवाहक डीजीपी बनाए रखा जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि ओपी सिंह 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उनके कार्यकाल में विस्तार की संभावना कम बताई जा रही है। हालांकि यह भी चर्चा है कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## पंचकूला पुलिस ने अवैध खनन सामग्री भरी 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक टिप्पर पकड़ा

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

पंचकूला में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में रायपुर रानी थाना पुलिस टीम ने बीते दिनों अलग-अलग स्थानों से अवैध खनन सामग्री से भरे दो वाहनों को पकड़ा है। यह कार्रवाई गश्त और निगरानी के दौरान की गई, जिससे अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पहली कार्रवाई देर रात की गई, जब रायपुर रानी थाना पुलिस की टीम गश्त पर थी। इस दौरान गांव नटवाल के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया, जिसमें अवैध रूप से खनन की गई सामग्री भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर मौली चौकी में खड़ा करवा दिया और माइनिंग विभाग को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए सूचित किया गया। दूसरी कार्रवाई वीरवार को रायपुर रानी क्षेत्र में डाकरा साहिब नदी के पास की गई। यहां से पुलिस टीम ने एक टिप्पर को पकड़ा, जिसमें अवैध खनन सामग्री लदी हुई थी। टिप्पर को रायपुर रानी थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया और माइनिंग विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए जानकारी दी गई। पकड़े गए दोनों वाहनों में अवैध खनन सामग्री पाई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा सभी माइनिंग जोन में लगातार चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही कैमरों के माध्यम से भी संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।




# हरियाणा भाजपा में बड़ौली का दबदबा

## प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर सियासी सरगर्मी तेज

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। पार्टी के भीतर इसे लेकर उलटी गिनती शुरू मानी जा रही है और संभावना जताई जा रही है कि सोमवार तक अध्यक्ष पद के नाम पर अंतिम मुहर लग जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व की ओर से चुनाव प्रक्रिया का शेड्यूल और पर्यवेक्षक की घोषणा जल्द की जाएगी, जिसके बाद औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। वर्तमान में मोहन लाल बड़ौली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें दोबारा मौका देने के संकेत दिए हैं, हालांकि पार्टी के भीतर कई वरिष्ठ और प्रभावशाली नेता इस पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। ऐसे में अध्यक्ष पद को लेकर संगठन के अंदर मंथन तेज हो गया है। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार देर रात दिल्ली में मोहन लाल बड़ौली की केंद्रीय नेतृत्व के एक वरिष्ठ नेता के साथ अहम बैठक हुई। यह बैठक करीब आधे घंटे चली, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया और समय-सारिणी पर चर्चा हुई। इसी बैठक के बाद चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने और सोमवार को चयन प्रक्रिया पूरी करने पर सहमति बनी। तय कार्यक्रम के अनुसार, सोमवार को पर्यवेकक्षक की मौजूदगी में इच्छुक उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगे और उसी दिन एक नाम पर सहमति बन सकती है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी मार्च महीने से ही शुरू कर दी गई थी। केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को हरियाणा के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया था। अब प्रदेश स्तर के पर्यवेक्षक की घोषणा के साथ ही चुनावी प्रक्रिया को औपचारिक रूप दिया जाएगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आवेदन, नामांकन की जांच और अंतिम निर्णय की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद अरुण सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

हरियाणा भाजपा संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए कुल 117 मतदाता हैं। इनमें 27 जिला अध्यक्ष और 90 मंडल या हलका अध्यक्ष शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए इन सभी मतदाताओं को रोहतक या पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालयों में बुलाए जाने की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में कई नाम चर्चा में हैं। मोहन लाल बड़ौली जहां अपने कार्यकाल में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी की सफलता का दावा कर रहे हैं, वहीं संजय भाटिया, असीम गोयल, सुदेश कटारिया और अजय गौड़ जैसे नेता भी संगठनात्मक संतुलन और सामाजिक समीकरणों के आधार पर मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि केंद्रीय नेतृत्व अनुभव, संगठनात्मक मजबूती और राजनीतिक संतुलन में से किस आधार पर अंतिम फैसला करता है।

# हिमाचल को चाहिए डबल इंजन वाली सरकार जेपी नड्डा का कांग्रेस शासन पर तीखा हमला

## केंद्रीय फंड के दुरुपयोग और कुप्रबंधन के आरोप, भाजपा ही ला सकती है राज्य को फिर विकास की राह पर

समर न्यूज़ | शिमला

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उसे कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और केंद्र से मिली सहायता का सही उपयोग न करने का दोषी ठहराया। शिमला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र सरकार से धन की कोई कमी नहीं रही, लेकिन राज्य सरकार उन संसाधनों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में विफल रही है। जेपी नड्डा ने स्पष्ट किया कि आपदा राहत, अवसंरचना, स्वास्थ्य और विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपये जारी किए



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा। - समर न्यूज़

गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं, धन का सही इस्तेमाल नहीं हुआ और शासन व्यवस्था चरमराई हुई है। नड्डा ने कहा कि जब-जब हिमाचल सरकार ने मदद मांगी, केंद्र ने बिना देरी के धन उपलब्ध कराया, लेकिन राज्य में उसका असर दिखाई नहीं देता।

**शासन व्यवस्था में गिरावट का आरोप** : राज्य के प्रशासनिक हालात पर सवाल उठाते हुए नड्डा ने कहा कि आज हिमाचल में कोषागार बंद पड़े हैं, कई अहम प्रशासनिक पद अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे हैं और मंत्रिमंडल के भीतर समन्वय की कमी साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कभी देश के सर्वश्रेष्ठ शासित राज्यों में गिना जाता था, लेकिन आज यह प्रशासनिक पतन से जूझ रहा है।

**केंद्र-राज्य समन्वय पर जोर**

भाजपा अध्यक्ष ने "दो इंजन वाली सरकार" की जरूरत दोहराते हुए कहा कि विकास तभी संभव है जब केंद्र और राज्य की सरकारें मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को एक बार फिर ऐसी सरकार चाहिए, जिससे केंद्र से आने वाला पैसा सही तरीके से जनता तक पहुंचे और विकास जमीन पर नजर आए।

**भाजपा ने दिखाई विकास की राह** : जेपी नड्डा ने भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश में विकास की गति को फिर से बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## शिमला के टूटू में सड़क हादसा, कार सड़क से नीचे गिरने से चालक घायल

समर न्यूज़ | शिमला

शिमला के टूटू क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक कार सड़क से नीचे जा गिर गई। हादसा उस समय हुआ जब कार पार्क की जा रही थी।

घटना में कार चालक को हल्की चोटें आई हैं, जिसे स्थानीय लोगों ने प्राथमिक उपचार दिलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्रेन की मदद से गाड़ी को सुरक्षित बाहर निकाला।

पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। सौभाग्य रहा कि घटना में कोई बड़ी जान-माल की हानि नहीं हुई। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वाहन पार्क करते समय सावधानी बरतें और ऐसे खतरनाक स्थानों पर अतिरिक्त ध्यान रखें।

## केंद्र ने हमेशा हिमाचल का रखा विशेष ध्यान : सुरेश

### नड्डा के नेतृत्व में भाजपा को मिला प्रदेश कार्यालय, मोदी-नड्डा नेतृत्व में बिहार में बंपर जीत

समर न्यूज़ | शिमला

अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सशक्त, दूरदर्शी और प्रभावी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को एक ऐसा अभूतपूर्व और भव्य भाजपा प्रदेश कार्यालय प्राप्त हुआ है, जो आने वाले दशकों तक संगठनात्मक गतिविधियों का मजबूत केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि हिमाचल में भाजपा की विचारधारा, संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का प्रतीक है। सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार ने हमेशा हिमाचल प्रदेश का विशेष ध्यान रखा है। चाहे बुनियादी ढांचा हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या विकास से जुड़े अन्य क्षेत्र—केंद्र सरकार ने हिमाचल को हर संभव सहयोग दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा केंद्र से



समारोह को संबोधित करते जेपी नड्डा। - समर न्यूज़

हिमाचल को मिली सहायता पर केवल राजनीति की, जबकि वास्तविकता यह है कि प्रदेश के विकास को गति भाजपा सरकारों ने ही दी। कश्यप ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शिमला आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बिहार में ऐतिहासिक और बंपर जीत दर्ज हुई है, जो देशभर में भाजपा की नीतियों और सुशासन पर जनता के भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी—विशेष राज्य का दर्जा हो या प्रदेश को चार मेडिकल कॉलेजों की सौगात, यह सब भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का तीन साल का कार्यकाल 'खाओ, पीयो और मौज करो' की सरकार बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हिमाचल पर कर्ज का बोझ एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति गंभीर संकट में है।

## हिमाचल के राज्यपाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट के दौरान।

## रिपब्लिक डे परेड के लिए ऊना में एनएसएस प्रदेश स्तरीय कैंप का आयोजन

समर न्यूज़ | ऊना

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के बॉयज स्कूल में प्री-रिपब्लिक डे प्रदेश स्तरीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप राज्यभर के बच्चों को रिपब्लिक डे परेड के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में कुल 300 बच्चे भाग ले रहे हैं, जिनमें 150 लड़के और 150 लड़कियां शामिल हैं। यह पांच दिवसीय कैंप 11 दिसंबर से शुरू हुआ और 15 दिसंबर को इसका समापन होगा।



कैंप के दौरान बच्चों को परेड के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 110 बच्चों का चयन इस कैंप के अंत में किया जाएगा, जिनमें दिन में 55 लड़के और 55 लड़कियां शामिल होंगी। चयनित बच्चे शिमला में होने वाली रिपब्लिक डे परेड में भाग लेंगे। इस प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों की अनुशासनबद्धता, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल का मूल्यांकन किया जा रहा है। कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसमें उन्हें परेड के दौरान सही कदम, शारीरिक अनुशासन और प्रस्तुति कला के साथ-साथ परेड की तकनीकी जानकारी भी दी जा रही है। बच्चों को सही तरीके से परेड करने के लिए टिप्स और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है ताकि वे शिमला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय परेड में बेहतरीन प्रदर्शन कर सके। इस मौके पर एनएसएस के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की तैयारी की निगरानी की और उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, राष्ट्रीयता की भावना और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना है। प्रदेश स्तरीय एनएसएस कैंप न केवल बच्चों को रिपब्लिक डे परेड के लिए तैयार करता है, बल्कि उन्हें सामाजिक और सामूहिक जिम्मेदारी का महत्व भी सिखाता है। इस आयोजन से बच्चों को मंच तैयार करने का अनुभव मिलता है और उन्हें यह एहसास होता है कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेना कितनी जिम्मेदारी और गर्व की बात है। इस प्रकार पांच दिवसीय कैंप बच्चों के लिए सीखने, अनुशासन और टीम वर्क की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, जिससे राज्य स्तरीय परेड में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा।

## बिहार चुनाव में मोदी, शाह और नड्डा के नेतृत्व ने कांग्रेस का किया सूपड़ा साफः बिंदल

समर न्यूज़ | शिमला

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि बिहार का चुनाव किसी भी दृष्टि से छोटा-मोटा चुनाव नहीं था, बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा तय करने वाला एक बड़ा जनादेश था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सशक्त नेतृत्व में बिहार से कांग्रेस का सूपड़ा साफ होकर आया है।

यह परिणाम साफ दर्शाता है कि देश की जनता कांग्रेस की नकारात्मक और विफल राजनीति को पूरी तरह नकार चुकी है। डॉ. बिंदल ने कहा कि बिहार में कांग्रेस को मात्र छह सीटों पर सिमटना पड़ा, जो उसकी गिरती हुई साख का प्रमाण है। उन्होंने दावा किया कि यही स्थिति आगामी 2027 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगी, जहां कांग्रेस दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाएगी और केवल दो सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और झूठे वादों से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष ने धर्मशाला में भाजपा द्वारा किए गए ऐतिहासिक और प्रचंड प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विशाल जनसैलाब ने कांग्रेस की नींद उड़ा दी है।

भाजपा के इस प्रदर्शन की गूंज इतनी तीव्र थी कि कांग्रेस पार्टी ने अपने तथाकथित जश्न का नाम तक बदलने पर मजबूर हो गई। यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस स्वयं अपनी विफलताओं को लेकर असहज और भयभीत है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संघर्ष हिमाचल को फिर से विकास, सुशासन और विश्वास के मार्ग पर लाने के लिए है।

## शहरी विकास मंत्री विश्व बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स से सम्मानित

समर न्यूज़ | हिमाचल

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ब्रिटिश संसद के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में विश्व बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा "सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हिमाचल प्रदेश और उसके नागरिकों की सामूहिक आस्था, परिश्रम और गौरव का प्रतीक भी है। ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में विश्व बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और भावनाओं से भरा क्षण है। यह प्रमाण है कि हिमाचल का एक पुत्र भी वैश्विक मंच पर अपने प्रदेश का गौरव बढ़ा सकता है। हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स के सदस्य लॉर्ड रम्मी रेंजेर के करकमलों से यह सम्मान प्राप्त करना हिमाचल की पवित्र मिट्टी और वहां के हर



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री को सम्मानित करते हुए। - समर न्यूज़

नागरिक के विश्वास का सम्मान है। उन्होंने आगे कहा कि यह पुरस्कार वे शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ताओं, समर्थकों और गुरुजनों को समर्पित करते हैं, जिनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद ने उन्हें सदैव प्रेरित किया। यह सम्मान मुझे और अधिक निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ जनसेवा की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मेरा संकल्प है कि हिमाचल के विकास, उसकी युवा शक्ति, उसकी सांस्कृतिक अस्मिता और हर आम हिमाचली की आशाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहूँ। यह पुरस्कार वास्तव में हर हिमाचली का है, और यही मेरे लिए सबसे बड़ा गौरव है।

## देश नरेंद्र मोदी और पार्टी नड्डा जी के हाथों मजबूत हुई : जयराम ठाकुर

समर न्यूज़ | शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आज हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि एक तरफ जहां देश की कमान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सुरक्षित हाथों में है वहीं उस दल की कमान हमारे छोटे से पहाड़ी प्रदेश के बेटे जगत प्रकाश नड्डा के पास है जो आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन है।

दोनों ही शीर्ष नेताओं का हिमाचल से गहरा नाता है और दोनों हमारे प्रदेश की चिंता भी बहुत करते हैं। देवभूमि हिमाचल की समस्त जनता की ओर से मैं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी का हार्दिक अभिनंदन और अभिनंदन करता हूं।

बिहार में एनडीए की शानदार जीत की उन्हें बधाई देता हूं। पार्टी के अध्यक्ष के नाते नड्डा जी ने अपने कार्यकाल की एक छाप छोड़ी है



और जीत का एक क्रम देश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचाने में आपदा योगदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। बिहार की जीत के बाद देश में एक बड़ा संदेश गया है जो पार्टी को आगे ले जाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पार्टी बड़ी है तो कार्यालय भी बड़ा होना चाहिए था जिस कमी को आज राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आकर पूरा कर दिया है।

अब शिमला मुख्यालय में पार्टी का जल्द बड़ा कार्यालय बनकर तैयार होगा जिसका आज अध्यक्ष जी ने शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के तीन साल दो दिन पहले पूरे हुए हैं। आज पूरा हिमाचल महसूस कर रहा है कि इस दौर में बर्बादी हुई है हर जगह तबाही हुई है।

2023 से प्राकृतिक आपदा का कहर बरप रहा है। हमने सोचा सरकार को इतनी तबाही के बाद अपने खर्च कम करने चाहिये थे लेकिन उस सरकार ने सरकार का जश्न भी वहां मनाया जहां सबसे ज्यादा तबाही हुई है। पूरे हिमाचल में 400 लोगों की जिंदगियां चली गई लेकिन सरकार ने जश्न मनाया।

एक तरफ आपदा एक्ट की आड़ में पंचायत चुनाव लटकाए तो वहीं दूसरी और सरकार ने जश्न पर करोड़ों रुपए फूंक दिये। जब पांच साल का हमारा कार्यकाल 2022 में समाप्त हुआ तो प्रदेश पर 70 हजार करोड़ का ऋण था। हमने पांच साल मात्र 20 हज़ार का ऋण लिया लेकिन व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली इस सरकार ने मात्र 3 साल के कार्यकाल में करीब 40 हज़ार करोड़ का ऋण ले लिया है। आप कल्पना कर सकते हैं प्रदेश की क्या हालत इन्होंने कर दी है। मैं नड्डा जी को बधाई देना चाहता हूं इन्होंने कांग्रेस को बोलेरो गाड़ी में फिट कर दिया तो हमारा भी लक्ष्य है कि हम कांग्रेस को यहां ऑल्टो कार में फिट कर देंगे। पूरा हिमाचल इन्होंने आज बर्बाद कर दिया है। कहीं विकास नहीं हो रहा है। गारंटियों का हाल तो जनता देख ही रही है। ऐसी बर्बादी देख मन पीड़ा से भर जाता है। ये प्रदेश कांग्रेस का नहीं है हम सबका है। आइए आज संकल्प लें कि इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए काम करें। निश्चित रूप से आने वाले समय में जहाँ देश के अन्य राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनेगी तो हिमाचल में भी भाजपा की ही सरकार बनेगी।

**सरकार** देखना दिलचस्प होगा, हिमाचल में भाजपा कार्यालय पहले बनेगा या फिर भाजपा सरकार

## कांग्रेस में फूट, सरकार में लूट की खुली छूटः अनुराग सिंह ठाकुर

समर न्यूज़ | हिमाचल प्रदेश

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज शिमला में भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस में फूट पड़ी हुई है और सरकार में चहेतों को लूट की खुली छूट मिली हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि हिमाचल में भाजपा का प्रदेश मुख्यालय भवन पहले बनेगा या फिर भाजपा की सरकार पहले बनेगी।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा " भाजपा हिमाचल के सभी कार्यकर्ताओं को मैं नए प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कि हिमाचल में भाजपा का



अनुराग सिंह ठाकुर। - समर न्यूज़

प्रदेश मुख्यालय भवन पहले बनेगा या फिर भाजपा की सरकार पहले बनेगी। हिमाचल प्रदेश में आज कांग्रेस पार्टी कर्जे की सरकार चला रही है और इन्होंने अपनी 3 साल की नाकामी का जश्न भी 350 करोड़ का कर्ज लेकर मनाया है। हिमाचल की कांग्रेस सरकार खाओ पियो मौज करो सरकार बन चुकी है। यहाँ कांग्रेस पार्टी में फूट पड़ी हुई है और सरकार में चहेतों को लूट की खुली छूट मिली हुई है। मंच से मतभेद सामने दिख रहा है, तलवारें खींच चुकी हैं और ये आपस में ही लड़कर खत्म होने को बेकरार हैं। मित्रों की सरकार में गुंडे और माफिया हावी हैं और सरकार का इक़बाल ख़त्म हो चुका है"

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा " विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारत की विकास यात्रा को एक नई गति देने व विश्वपटल पर एक नये भारत की छवि निर्माण का काम किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और हम इस संकल्प की दिशा में काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत महायज्ञ में सिर्फ़ हिमाचल की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।यदि मैं सिर्फ़ हिमाचल की बात करूँ तो हिमाचल प्रदेश को पिछले 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार से 56 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता मिली है। उदाहरण के तौर पर बिलासपुर में 1470 Crore की लागत से AIIMS का निर्माण किया गया। हमीरपुर के जोल सप्पड़ में निर्माण शुरू हुआ। देहरा में सेंट्रल युनिवर्सिटी की स्थापना हुई व बिलासपुर में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज शुरू हुआ। ऊना में PGI सैटेलाइट केंद्र के निर्माण को गति दी गयी, हिमाचल में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी। हमीरपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हुई। मोदीजी के कार्यकाल में हिमाचल में रेल नेटवर्क का विकास हुआ। वंदे भारत एक्सप्रेस (अम्ब अंदौरा से नई दिल्ली तक) चलवाई, अंब-अंदौरा, चिंतपूर्णी मार्ग और दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशनों का काम पूरा हो गया। भानुपली-बिलासपुर रेलवे लाइन का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। सितंबर 2027 तक बिलासपुर भी रेल नेटवर्क से जुड़े जाएगा।

## हिमाचल में ईडी की बड़ी कार्रवाई

समर न्यूज़ | धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां क्षेत्र में शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई CRPF के कड़े सुरक्षा घेरे में की गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ED की कई टीमें एक साथ अलग-अलग स्थानों पर पहुंचीं और सुबह से ही जांच की प्रक्रिया जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईडी ने गोविंद गोस्वामी और हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से रिटायर एक एसडीओ के ठिकानों पर दबिश दी। गोविंद गोस्वामी टांडा मेडिकल कॉलेज में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। छापेमारी के दौरान संबंधित परिसरों को पूरी तरह सील कर दिया गया और किसी को भी अंदर-बाहर आने की अनुमति नहीं दी गई। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई क्रिप्टो करेंसी से जुड़े संदिग्ध लेन-देन और संभावित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में की जा रही है।

## बिलासपुर टिप्पर यूनियन धरना जारी

### एसडीएम की अध्यक्षता में हुई दो घंटे बैठक

समर न्यूज़ | बिलासपुर

टिपर यूनियन और जिला प्रशासन व संबंधित कंपनी के बीच शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में लगभग दो घंटे लंबी बैठक हुई। बैठक में प्रशासन की ओर से यूनियन को आश्वासन दिया गया कि उनके रोजगार संबंधी मुद्दों का समाधान किया जाएगा और उन्हें काम पर लगाया जाएगा।

यूनियन के प्रधान चंदन चंदेल ने बताया कि प्रशासन से आश्वासन मिलने के बावजूद धरना जारी रहेगा। उनका कहना है कि केवल मौखिक गारंटी पर यूनियन अपनी गाड़ियों को काम पर नहीं लगाएगी। कंपनी द्वारा लिखित रूप में रोजगार देने की गारंटी मिलने तक आंदोलन खत्म नहीं किया जाएगा।

शनिवार को यूनियन का धरना प्रदर्शन लगातार छठे दिन भी जारी




बिलासपुर टिप्पर यूनियन धरना जारी। - समर न्यूज़

रहा। यूनियन पदाधिकारी चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द ही ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों में चेयरमैन सतदेव शर्मा और प्रधान चंदन चंदेल शामिल हैं, जिन्होंने आंदोलन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों और पदाधिकारियों का समन्वय बनाए रखा।

धरना स्थल पर यूनियन और प्रशासन के बीच संवाद जारी है, लेकिन ठोस परिणाम न मिलने के कारण प्रदर्शन जारी रहने की संभावना है।

# फल विक्रेता पर चाकू से कई वार कर घायल करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ पहले भी चंडीगढ़ व पंचकूला मे आर्म्स एक्ट व लड़ाई झगड़े के 7 मामले दर्ज

समर न्यूज | पंचकूला

पंचकूला पुलिस सैक्टर-16 चौकी टीम ने एक सैक्टर-9 मे फल विक्रेता पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
शिकायतकर्ता फल विक्रेता ने सेक्टर-16 चौकी में बताया था कि 17 सितंबर की सुबह उसकी एक जान-पहचान के युवक के साथ शराब पीने को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने उस पर चाकू से कई वार कर दिए और जान से मारने की धमकी भी दी।
डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि हमे मामले की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-14 में आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।
हमारी टीम ने विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी, लेकिन आरोपी घटना के बाद से फरार पाया गया। आज सेक्टर-16 चौकी इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर सिंह राज के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी सुमेर उर्फ पाली पुत्र मुकेश कुमार, निवासी राजीव कॉलोनी सेक्टर-17, पंचकूला को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू बुड़नपुर पार्क से बरामद कर लिया है। आरोपी आदतन अपराधी है और आरोपी के खिलाफ पहले भी पंचकूला व चंडीगढ़ मे आर्म्स एक्ट व लड़ाई-झगड़े 7 मामले पहले से दर्ज है। आरोपी को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा।
डीसीपी सृष्टि गुप्ता का बयानः कानून के खिलाफ हथियार उठाने की किसी भी हरकत को पंचकूला पुलिस बख्शने वाली नहीं है। हमारी प्रायोरिटी यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करे।
पंचकूला पुलिस का मोटो साफ है कि शहर में हिंसक व्यवहार, धमकी या डर पैदा करने की कोशिशों को तुरंत और कड़ी कार्रवाई के साथ रोका जाएगा।



पुलिस की पकड़ में आरोपी। - समर न्यूज

# नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार का आयोजन

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज




श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने जिला विधि सेवा प्राधिकरण मोहाली के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार और नशामुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सेमिनार में मादक पदार्थों के सेवन से संबंधित कानूनी प्रावधानों, नशे के दीर्घकालिक शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणामों और छात्रों को हानिकारक पदार्थों से दूर रहने में मदद करने के लिए प्रेरक मार्गदर्शन पर गहन चर्चा हुई।
इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें एसएसजीआई के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह; मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. रशपाल सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. मुकेश वर्मा और एसएससीएल के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र कुमार शामिल थे। मोहाली जिला विधि सेवा प्राधिकरण की अतिथि वक्ता बा परवीन ने मादक पदार्थों की लत के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न केवल व्यक्तियों बल्कि परिवारों और समाज को भी किस प्रकार नष्ट कर देती है। उन्होंने छात्रों को व्यसन से उबरने में सहायता के लिए उपलब्ध निःशुल्क परामर्श सेवाओं और सरकारी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. मुकेश वर्मा और डॉ. रविंद्र कुमार ने इस बात पर बल दिया कि मादक पदार्थों का सेवन अपराध से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है और छात्रों से सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने का आग्रह किया। वक्ताओं ने एक सुरक्षित और व्यसन मुक्त वातावरण के निर्माण में प्रारंभिक हस्तक्षेप, जिम्मेदार व्यवहार और साथियों के सहयोग के महत्व पर बल दिया।

## समर न्यूज ब्रीफ

### बलौंगी पुलिस ने दो लुटेरों को किया काबू



समर न्यूज मोहाली, (प्रदीप सिंह हैप्पी) : बलौंगी पुलिस ने लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ़्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खरड़ चरण सिंह संधू द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह गिरफ़्तारी थाना बलौंगी के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर परिमित सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में सहायक पुलिस अधीक्षक चरणदीप सिंह हांस की हिदायतों पर की गई है। उन्होंने बताया कि थाना बलौंगी के सहायक उप-निरीक्षक अमनदीप सिंह सहित पुलिस दल को जांच के दौरान सूचना मिली कि अजय कुमार उर्फ़ राजू, निवासी गांव खानपुर और दीपक उर्फ़ पप्पू, मोहल्ला चूहरियां वालालूटपाट और चोरियां करते हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 303 (2), 304, 3(5), 317(2) के तहत मामला दर्ज करके अजय कुमार और दीपक उर्फ़ पप्पू को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ़्तार किए गए व्यक्तियों से 2 मोटरसाइकिल और 3 मोबाइल फ़ोन बरामद किए गए हैं। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### दोआबा कॉलेज में आईबीएम का इंटर्नशिप ड्राइव



समर न्यूज़, मोहाली (प्रदीप सिंह हैप्पी) : आईबीएम ने दोआबा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, खरड़ में इंटर्नशिप भर्ती ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा बीसीए पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए आयोजित की गई। खरड़ और नवांशहर कैंपस से 300 से अधिक छात्रों ने इस इंटर्नशिप ड्राइव में भाग लिया। आईबीएम टीम के नमन सैनी और रजनी सोनी ने छात्रों को इंटर्नशिप से जुड़े अवसरों की जानकारी दी तथा चयन प्रक्रिया का संचालन किया। दोआबा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ. मीनू जेटली , डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. राजेश्वर सिंह एवं डॉ. हरप्रीत राय ने आईबीएम की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सहयोग जारी रखने की अपील की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मनजीत सिंह, एसएस संघा तथा डॉ. बाठ द्वारा आईबीएम टीम को सम्मानित किया गया।

### पंचायत समिति चुनाव क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित

समर न्यूज़, मोहाली (प्रदीप सिंह हैप्पी) : जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव को देखते हुए, स्टेट इलेक्शन कमीशन ने एक लेटर जारी करके बताया है कि 14 दिसंबर 2025 को रात 12:00 बजे से 15 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे तक ड्राई डे मनाया जाएगा। आई.ए.एस कोमल मित्तल डिप्टी कमिश्नर-कम-डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर पंचायत समिति माजरी, खरड़ और डेराबस्सी ने पंजाब एक्साइज एक्ट के चुनाव क्षेत्रों में आने वाली सभी शराब की दुकानों और उनसे जुड़ी जगहों को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार, सभी शराब की दुकानें, जगहें, होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और शराब परोसने वाली सभी जगहें पूरी तरह से बंद रहेंगी, और तय समय के दौरान शराब की बिक्री, परोसने या रखने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति शराब नहीं रख सकेगा। जिला पुलिस अधीक्षक और सहायक आयुक्त, टैक्सेशन और एक्साइज, मोहाली को इस आदेश का पूरी तरह से पालना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# एनटीआईए ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज

नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान संघ ने इच्छुक छात्रों के सामने आ रही मौजूदा कठिनाइयों के मद्देनजर पंजाब राज्य में नर्सिंग प्रवेश की तारीखें 31 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग करते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। एनटीआईए के अध्यक्ष और भाई घनैया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मोगा, पंजाब के अध्यक्ष एस. गुरदयाल सिंह बुट्टर ने कहा कि हाल की बाढ़ की स्थिति के कारण बड़ी संख्या में पात्र छात्र प्रवेश नहीं ले पाए, जिसके कारण व्यापक क्षति हुई और कई परिवारों को गंभीर वित्तीय नुकसान हुआ। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इन अप्रत्याशित परिस्थितियों ने सीधे तौर पर छात्रों की निर्धारित समय के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की क्षमता को प्रभावित किया है। पंजाब गैर-सहायता प्राप्त कॉलेज संघ के अध्यक्ष और आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, राजपुरा, चंडीगढ़ के पास के अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया ने बताया कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में विभिन्न नर्सिंग कार्यक्रमों में कुल 2,950 सीटें खाली हैं। इनमें एएनएम में 466 सीटें, जीएनएम में 1,072, बीएससी नर्सिंग में 280, पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग में 956 और एम.एससी. नर्सिंग में 176 सीटें शामिल हैं। पुका पिछले 5 वर्षों से प्रवेश तिथियों के विस्तार के लिए लगातार अदालतों का दरवाज़ा खटखटा रहा है और तिथियों के विस्तार के लिए राहत प्राप्त कर रहा है। मध्य प्रदेश राज्य को पहले ही 31 दिसंबर तक प्रवेश तिथियां बढ़ाने की राहत दी जा चुकी है। एनटीआईए और पुका दोनों ने छात्रों और संस्थानों की वास्तविक कठिनाइयों पर विचार करने और 31 दिसंबर तक नर्सिंग प्रवेश की समय सीमा बढ़ाने की अनुमति देने के लिए माननीय न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया है।

### इंटरनेशनल अफेयर्स डायरेक्टरेट के पास गतका को दुनिया भर में बढ़ाने के कई प्लान हैंः फूल राज सिंह

# वर्ल्ड गतका फेडरेशन ने अनुशासनहीन खिलाड़ियों पर लगाया ब्लैक कार्ड

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज




देश के अलग-अलग राज्यों से टेक्निकल अधिकारियों ने यहां गुरुद्वारा बाबे के सेक्टर 53 में शुरू हुए तीसरे नेशनल गतका रिफ्रेशर कोर्स में हिस्सा लिया। इस तीन दिन के एम्पावरमेंट प्रोग्राम का मकसद गतका खेल में टेक्निकल स्टैंडर्ड को मजबूत करना, नियमों का एक जैसा पालन पक्का करना और कॉम्पिटिशन को आसानी से और ट्रांसपेरेंट तरीके से कराना है। इस कोर्स में एक्सपर्ट्स ने स्कोरिंग सिस्टम, फाउल इवैल्यूएशन, कॉम्पिटिशन प्लानिंग, टूर्नामेंट मैनेजमेंट और गतका फील्ड में अधिकारियों की परफॉर्मेंस जैसे ज़रूरी टॉपिक पर लेक्चर दिए। गतका अधिकारियों ने प्रैक्टिकल सेशन में भी हिस्सा लिया, जहां उन्हें स्कोरिंग को लेकर अपने फैसले लेने के स्किल और टेक्निकल कंट्रोल को और बेहतर बनाने का मौका मिला। वर्ल्ड गतका फेडरेशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल ने उद्घाटन सेशन के दौरान गतका खेल में डिसिप्लिन बनाए रखने के बारे में एक ज़रूरी घोषणा की। गतका प्रमोटर ग्रेवाल, जो नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के प्रेसिडेंट भी हैं, ने कहा कि फेडरेशन के इंटरनेशनल गतका रूल्स में 'ब्लैक कार्ड' को चौथे फाउल कार्ड के तौर पर शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद टेक्निकल अधिकारियों की इज़्ज़त और तमीज़ बनाए रखना, मैचों का सही तरीके से होना पक्का करना और बाउट के दौरान खिलाड़ियों में सही डिसिप्लिन बनाए रखना है। यह पेनल्टी कार्ड किसी भी खिलाड़ी के अनुशासनहीन, बदतमीज़, बेकाबू या अनचाहा बर्ताव करने पर इस्तेमाल किया जाएगा। इंटरनेशनल सिख मार्शल आर्ट्स काउंसिल के वाइस-चेयरमैन सुखचैन सिंह कलसानी ने कहा कि एक फेयर स्पोर्ट्स सिस्टम बनाए रखने के लिए लगातार ट्रेनिंग और कैपेसिटी-बिल्डिंग ज़रूरी है। इस मौके पर बोलते हुए, गतका एसोसिएशन ऑफ़ चंडीगढ़ के चेयरमैन और म्युनिसिपल काउंसलर हरदीप सिंह बुटेला ने कहा कि ऐसे रिफ्रेशर कोर्स अधिकारियों की काबिलियत और अनुभव को बढ़ाते हैं और गतका खेल की इंटरनेशनल क्रेडिबिलिटी को भी मज़बूत करते हैं। इंटरनेशनल अफेयर्स डायरेक्टरेट के चेयरमैन फूल राज सिंह ने वर्ल्ड गतका फेडरेशन के भविष्य के प्लान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले सालों में अलग-अलग देशों में नेशनल गतका फेडरेशन बनाने, टेक्निकल अधिकारियों के लिए हाई-लेवल ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने और ज़्यादा इंटरनेशनल मुकाबले करवाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये कोशिशें दुनिया के स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म पर गतका खेल को और असरदार बनाने में मददगार साबित होंगी। इस रिफ्रेशर कोर्स के दौरान, ट्रेनिंग वर्कशॉप, प्रैक्टिकल एक्सरसाइज, इवैल्यूएशन और बड़े मुकाबलों के ज़रिए नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर सर्टिफाइड अधिकारियों की तैयारी और काबिलियत को और मज़बूत किया जाएगा।

# निवेश के नाम पर साइबर फ्रॉड में 2 आरोपी गिरफ्तार

## रिमांड के दौरान आरोपियों से मिले अहम सुराग, अन्य आरोपी भी जल्द गिरफ्त में होंगे

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर महिला से 61 लाख के साइबर फ्रॉड के मामले में पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।
डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक के अनुसार, पंचकूला निवासी एक महिला ने शिकायत दी थी कि नवंबर 2024 में उसे एक अंजान मोबाइल नंबर से ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा दिया गया। दिसंबर माह में उसी नंबर से एक लिंक भेजा गया, जिसे डाउनलोड करने के बाद महिला ने ट्रेडिंग शुरू कर दी। अगले कुछ महीनों में ठगों ने धीरे-धीरे विश्वास बनाकर महिला से कुल 61,24,149 रुपये की रकम विभिन्न ट्रांजैक्शनों के जरिए हड़प ली।
शिकायत पर 1 अप्रैल को साइबर क्राइम थाना पंचकूला में मामला दर्ज किया गया। जांच आगे बढ़ाते हुए साइबर एसएचओ युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने 6 दिसंबर को दो आरोपियों विजय राठी निवासी बागपत, उत्तर प्रदेश और अशोक कुमार उर्फ भोला निवासी पलवल, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को 7 दिसंबर को कोर्ट में पेश कर चार दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। पूछताछ पूरी होने के बाद 11 दिसंबर को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने आगे कहा है कि इस केस में गिरफ्तार आरोपियों से कई अहम सुराग मिले हैं उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हम लोगों से अपील करते हैं कि किसी भी तरह के निवेश संबंधी लिंक या कॉल पर आँख बंद करके भरोसा न करें।



पुलिस की पकड़ में आरोपी। - समर न्यूज

### पंचायत समिति चुनाव–2025 के मद्देनज़र

# केंद्रों के पास मजिस्ट्रेट ने निषेधाज्ञा आदेश किया जारी

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज

राज्य निर्वाचन आयोग, पंजाब द्वारा ज़िला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव–2025 जो कि 14 दिसंबर को तय हैं, के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, कोमल मित्तल, आईएएस, ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तात्कालिक उपद्रव या संभावित खतरे के मामले की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंचायत समिति माजरी, खरड़ एवं डेराबस्सी के अधिकार क्षेत्र में निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं।
राज्य निर्वाचन आयोग, पंजाब के सचिव द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि चुनावों के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित आयोजन तथा जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब राज्य निर्वाचन आयोग अधिनियम, 1994 की धारा 110 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार, जिला साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर की राजस्व सीमाओं में स्थित सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में, 13 दिसंबर 2025 से 14 दिसंबर 2025 तक, आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।
मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने अथवा किसी भी प्रकार की गतिविधि करने पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मतों का प्रचार करने अथवा वोट के लिए अपील करने पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई भी राजनीतिक दल अथवा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार द्वारा अपना बूथ/टेंट स्थापित नहीं किया जाएगा।
जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ये निषेधाज्ञा आदेश 14 दिसंबर 2025 को मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेंगे। यह आदेश सेना कर्मियों, अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस कर्मियों, जो चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं, पर लागू नहीं होंगे। जिला प्रशासन, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, ने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों तथा आम जनता से अपील की है कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करें।



डीसी कोमल मित्तल। - समर न्यूज

### शहर में ट्रैफिक जागरुकता का चलेगा अभियान



समर न्यूज चंडीगढ़। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है। सड़क हादसे भी बढ़ रहे है। पार्किंग की समस्या विकराल होती जा रही है। देश के पहले प्लान सिटी की उन दिक्कतों को दूर करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। सामाजिक संस्था सेवा ही संकल्प ने यह बीड़ा उठाया है। संस्था अपने इस अभियान में शहर के हर वर्ग को शामिल करेगी। संस्था के प्रमुख मनोज कुमार चंदेल के अनुसार इस अभियान में शहर के स्कूल, कॉलेज, सरकारी एवं प्राइवेट ऑफिस, व्यापार और उद्योग संगठन शामिल किए जाएंगे। इसके साथ साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट को मजबूत बनाने के लिए संस्था ट्रैफिक पुलिस का भी सहयोग करेगी। शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए सबसे पहले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोगों को कार पूल पर फोकस करने को कहा जाएगा। स्कूलों के माध्यम से पैरेंट्स से अपील की जाएगी कि वह बच्चों के लिए प्राइवेट वाहन की बजाय स्कूल बस का प्रयोग करें या पेरेंट्स आपस में मिलकर कार पूल करें। संस्था अपने सदस्यों और ट्रैफिक एक्सपर्ट की मदद से उन स्थानों की पहचान करेगी जहां सबसे अधिक जाम लग रहे है। ऐसी जगह में जाम के कारण और उनके समाधान पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए संस्था शीघ्र ही प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर ट्रैफिक को लेकर अपना विजन प्लान सौंपेगी।

## ठंड में राहत

### बढ़ती ठंड को लेकर पंचकूला पुलिस ने इंसानियत की मिसाल पेश की

# ठंड में पंचकूला पुलिस बनी सहारा, जरूरतमंदों को बांटे कंबल और गर्म कपड़े

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

पंचकूला में बढ़ती ठंड के बीच पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी को केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए इंसानियत की मिसाल पेश की।
रात और सुबह की सर्द हवाओं में जब सड़क किनारे, झुग्गियों और खुले स्थानों पर रहने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर हैं, ऐसे समय में पंचकूला पुलिस उनके लिए सहारा बनकर सामने आई। जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कंबल व अन्य गर्म कपड़े वितरित किए।
एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह एवं ट्रैफिक थाना प्रभारी वरिन्द्र कुमार ने सेक्टर-14 पंचकूला क्षेत्र की झुग्गियों में रह रहे जरूरतमंद परिवारों से पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सीधे मिले। पुलिस टीम ने केवल कंबल ही नहीं बांटे, बल्कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से हालचाल भी जाना और उन्हें ठंड से बचाव के प्रति जागरूक किया।
इसके अतिरिक्त मनसा देवी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मुनीष कुमार, चंडीमंदिर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह, सैक्टर-20 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमबीर ढ़ाका तथा रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह ने भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सड़क किनारे सोने वाले, मजदूर वर्ग और बेसहारा लोगों तक पहुंचकर उन्हें गर्म कंबल व कपड़े वितरित किए। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि सबसे ज्यादा ठंड से प्रभावित लोगों तक पहले सहायता पहुंचे।
कई स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने स्वयं अपने हाथों से कंबल ओढ़ाकर लोगों को सर्द रातों में सुरक्षित रहने का भरोसा दिलाया। पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी), शिवास कविराज ने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराध पर नियंत्रण करना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना भी है। उन्होंने कहा कि कानून के साथ करुणा का संतुलन ही पुलिस की असली पहचान है। पंचकूला पुलिस हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है, चाहे अपराध के खिलाफ सख्ती हो या इंसानियत के लिए संवेदना।



अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के दौरान



- समर न्यूज

# 16 दिसंबर से आरंभ होगा खरमास : इस पावन अवधि का धार्मिक महत्व और आचरण के नियम



हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष खरमास का आरंभ 16 दिसंबर 2025, मंगलवार को दिन में 01:24 बजे से होगा। महावीर और अन्नपूर्णा पंचांग के मुताबिक इसी समय सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जिसे धनु संक्रांति कहा जाता है।

सूर्य के इस गोचर के साथ ही खरमास की अवधि शुरू हो जाती है, जो 14 जनवरी तक रहती है। इस दौरान पारंपरिक रूप से मांगलिक आयोजनों पर विराम लग जाता है, जिससे विवाह और गृह प्रवेश जैसे कार्य इस अवधि में नहीं किए जाते। खरमास का धार्मिक और शास्त्रीय महत्व

शास्त्रों में खरमास को आत्मशुद्धि और पुण्य संचय का विशेष समय माना गया है।

मान्यता है कि इस काल में किए गए धार्मिक कर्म सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक फल प्रदान करते हैं। हालांकि इस अवधि में शुभ संस्कारों पर रोक रहती है, लेकिन पूजा-पाठ, जप, ध्यान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान पूरी तरह स्वीकार्य माने जाते हैं।

यही कारण है कि श्रद्धालु इस महीने को संयम और साधना के रूप में देखते हैं।

पूजा-पाठ और धार्मिक आचरण

खरमास के दौरान भगवान विष्णु और सूर्य देव की उपासना को विशेष महत्व दिया गया है।

प्रतिदिन नियमपूर्वक पूजा, जप और आराधना करने से मानसिक शांति और सकारात्मकता का अनुभव होता है। तुलसी की सेवा को भी इस अवधि में अत्यंत पुण्यदायी माना गया है, क्योंकि इसे घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ा जाता है।

दान, संयम और सात्विक जीवनशैली

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खरमास का समय दान और सेवा के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस दौरान जरूरतमंदों की सहायता करना, अन्न और वस्त्र का दान देना पुण्यकारी समझा जाता है।

साथ ही, इस माह में सात्विक भोजन और संयमित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया है, ताकि शरीर और मन दोनों शुद्ध बने रहें।

क्यों नहीं होते मांगलिक कार्य

खरमास की अवधि में सूर्य देव को कमजोर अवस्था में माना जाता है, इसलिए विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ संस्कारों को इस समय टाल दिया जाता है। यही वजह है कि इस पूरे महीने सामाजिक आयोजनों में शहनाइयों की गूंज सुनाई नहीं देती। इसके बावजूद यह काल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और श्रद्धालु इसे साधना और पुण्य अर्जन के अवसर के रूप में देखते हैं।



# 800 साल पुराना शिवालय, जहां उल्टी दिशा में लिखी है रामायण

*चिकमंगलूर। भारत में ऐसे कई मंदिर हैं, जो सिर्फ भक्ति का ही नहीं, बल्कि कला, इतिहास और शांति का भी केंद्र हैं। कर्नाटक के चिकमंगलूर जिले से मात्र 67 किमी दूर, भद्रा नदी के किनारे बसे छोटे-से गांव अमृतपुरा में चालुक्य साम्राज्य वास्तुकला का अनमोल रत्न अमृतेश्वर मंदिर है। होयसल वंश ने अपने राज में इसे बनवाया था, जो अब कर्नाटक की आर्किटेक्चरल विरासत की एक पहचान बन गया है। 1196 ईस्वी में बना यह शिव मंदिर न सिर्फ भक्तों को आध्यात्मिक शांति देता है, बल्कि पर्यटकों को 800 साल पुरानी नक्काशी और पत्थरों पर लिखे महाकाव्यों की ऐसी दुनिया दिखाता है, जिसे देखते ही वे हैरत में पड़ जाते हैं। अमृतेश्वर मंदिर का निर्माण होयसल सम्राट वीरा बल्लाल द्वितीय ने करवाया था, जो न सिर्फ भगवान शिव को समर्पित है, बल्कि उस दौर की कला, शिल्प और आध्यात्मिकता का दस्तावेज भी है।*

*होयसल शैली में बना यह मंदिर बाहर से जितना सुंदर है, अंदर से उससे भी ज्यादा खूबसूरत है। मंदिर की बाहरी दीवारें गोलाकार डिजाइन्स और नक्काशी से ढकी हैं। सामने बंद मंडप और फिर विशाल खुला मंडप है। दोनों ही चमकदार खराद वाले स्तंभों पर टिके हैं। इन चमकीले स्तंभों को देखकर कोई विश्वास नहीं कर सकता कि ये 800 साल से ज्यादा पुराने हैं। सबसे अनोखी बात मंदिर की बाहरी दीवारों पर बनी 140 महाकाव्य कथाएं हैं।*

*दक्षिण की दीवार पर रामायण के 70 दृश्य एंटी क्लॉकवाइज (उल्टी दिशा में) उकेरे गए हैं, जबकि उत्तर की दीवार पर 25 पैनल भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं और शेष 45 पैनल महाभारत की घटनाओं को सुंदर नक्काशी के माध्यम से दिखाते हैं। मानो पूरा महाकाव्य पत्थरों पर लिख दिया गया हो। जानकारी मिलती है कि होयसल कला के शिल्पकार मल्लितम्मा ने यहीं अपनी कला की शुरुआत की थी और यही मंदिर होयसल स्वर्ण युग का पहला अध्याय माना जाता है।*

*गर्भगृह में नेपाल की कांदकी नदी से लाया गया प्राचीन त्रिमूर्ति शिवलिंग विराजमान है, बगल में मां शारदा सुशोभित हैं। इसके साथ ही दीवारों पर शेर से लड़ता योद्धा, शिखर पर कीर्तिमुख, छोटे-छोटे टावर और गजसुर वध का दृश्य भी उत्कीर्ण है। छतों पर फूलों वाले डिजाइन और खंभों पर नक्काशी है। शांत वातावरण, भद्रा नदी का कल-कल, और दूर तक फैली हरियाली पर्यटकों को आकर्षित करती है। मंदिर में बिल्व अर्चना और कुमकुम अर्चना विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।*

# 69वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की छात्राएं होंगी शामिल



दौसा। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के तहत 14 वर्ष छात्रा वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 18 दिसंबर से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रांची (झारखंड) में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए चयनित राजस्थान की छात्राएँ इन दिनों दौसा स्थित जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब में गहन प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षण का नेतृत्व कोच नरेश कुमार वशिष्ठ कर रहे हैं। कैंप में राजस्थान के विभिन्न जिलों से प्रतिभाशाली छात्राएँ शामिल हैं—बाड़मेर से लक्ष्मी, डीडवाना कुचामन सिटी से रितिका, अनुराधा डूडी, राधिका स्वामी, रुचिका, हनुमानगढ़ से अनुसुइया, पूजा, जोधपुर से भूमिका त्रिपाठी, बीकानेर से असमान कंवर, पूजा कंवर, मनस्वी राठौड़, झुंझुनूं से अर्पणा, ट्विंकल मुहल, कोटा से अलीशा, रानी, धौलपुर से रक्षिता शर्मा, गंगानगर से महक, दौसा से सोफिया बानो, राजसमंद से डिंपल भील प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद टीम 15 दिसंबर को कोच नरेश कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में मोहसिनुल इस्लाम, गायत्री जीतरवाल और सुनील गर्ग के साथ रांची, झारखंड के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना होगी।

# क्या गौतम गंभीर और हार्दिक पांड्या के बीच हुई बहस

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुल्लांपुर में सीरीज के दूसरे टी20 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। टीम की हार के बाद हेड कोच गौतम गंभीर काफी निराशा और गुस्से में नजर आए थे। भारतीय टीम की हार के बाद गौतम गंभीर और टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के बीच जोरदार बहस की खबर आ रही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो दूसरे टी20 के बाद का है। वीडियो में गंभीर और हार्दिक पांड्या कुछ मिनट तक एक दूसरे के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। दोनों के चेहरे की भाव-भंगिमा से अंदाजा लगाया जा रहा है कि हार के बाद गंभीर खफा हैं और इसी मुद्दे पर हार्दिक के साथ उनकी बहस हो रही है। मैच में हार्दिक का प्रदर्शन साधारण रहा था। गेंदबाजी में उन्होंने 3 ओवर में 34 रन लुटाए थे और एक भी विकेट नहीं ले सके थे। वहीं बल्लेबाजी के दौरान 23 गेंद पर सिर्फ 20 रन बना सके थे। उनका गेंद और बल्ले से साधारण प्रदर्शन भी हेड कोच गंभीर की निराशा का कारण हो सकता है। मैच की बात करें तो टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डी कॉक के 46 गेंद पर 7 छक्कों और 5 चौकों की मदद से बनाए 90 रनों की मदद से 4 विकेट पर 213 रन बनाए थे। भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर सिमट गई थी और 51 रन से मैच हार गई थी। भारतीय टीम के लिए तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर 62 रन बनाए। वे शीर्ष स्कोरर रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए ओटनिल बार्टमैन ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए।



# नियमित त्रिकोणासन से पाएं हेल्दी लाइफस्टाइल

आज के समय में सेहतमंद और अच्छे शरीर की चाह हर कोई रखता है, लेकिन व्यस्त दिनचर्या के चलते ऐसा होना लोगों के लिए थोड़ा मुश्किल होता है। 'त्रिकोणासन' एक ऐसा योगासन है जिसे कम समय में किया जा सकता है और जिसको करने से कई सारे लाभ भी मिलते हैं। इस योगासन को नियमित करने से मांसपेशियां लचीली होती हैं और रक्त संचार बेहतर होता है। रोजाना अभ्यास करने से शरीर को दाएं और बाएं तरफ स्ट्रेच मिलता है, जिससे पीठ, हाथों और पैरों की मांसपेशियों की सक्रियता बढ़ती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, त्रिकोणासन एक ऐसा योगासन है जो शरीर को लचीला, संतुलित और शक्तिशाली बनाता है। साथ ही, यह पाचन को बेहतर बनाता है और कमर व जांघों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। इसको करने के लिए योगा मैट पर दोनों पैरों को 3 से 4 फीट की दूरी पर फैलाएं। दाएं पैर को 90 डिग्री बाहर की ओर घुमाएं और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर मोड़ें। अब दोनों हाथों के कंधों को सीधे फैलाएं और अपनी हथेलियों को नीचे की ओर रखें। धीरे-धीरे दाईं ओर झुकें और दाहिने हाथ से दाएं पैर या टखने को छूने का प्रयास करें। बायां हाथ सीधा ऊपर की ओर रखें। इस स्थिति में 20 से 30 सेकंड तक रहें। सांस सामान्य रखें। फिर धीरे से ताड़ासन में वापस आएं। इसी प्रक्रिया को बाईं ओर दोहराएं।



इसे करते समय हाथ, पैर और रीढ़ एक त्रिकोण बनाते हैं, और यह तनाव कम करने में भी मददगार है, लेकिन स्लिप डिस्क या साइटिका जैसी स्थितियों में सावधानी बरतनी चाहिए।

त्रिकोणासन एक ऐसी अभ्यास क्रिया है जिसके नियमित अभ्यास से वजन नियंत्रित होता है। साथ ही, तनाव और चिंता भी कम होती है, यह साथ ही संतुलन और एकाग्रता में भी वृद्धि करता है।

त्रिकोणासन के नियमित अभ्यास से शरीर की एनर्जी बढ़ती है। हालांकि, इसके अभ्यास में कई सावधानी भी बरतने की सलाह दी जाती है।

# डेफलंपिक्स की पहली गोल्फर दीक्षा




नई दिल्ली। भारत में गोल्फ धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। दीक्षा डागर का नाम उन खिलाड़ियों में लिया जाता है जिन्होंने गोल्फ को देश में एक सशक्त खेल के रूप में बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। उनकी भूमिका इसलिए भी अहम है क्योंकि शारीरिक अक्षमता के बावजूद उन्होंने उस खेल में बड़ी सफलता हासिल की है जिसे देश में आज भी शीर्ष खेलों की सूची में शामिल होने का इंतजार है। दीक्षा डागर का जन्म 14 दिसंबर 2000 को झज्जर, हरियाणा में हुआ था। दीक्षा बचपन से ही सुनने में कमजोर रही हैं। गोल्फ दीक्षा को विरासत में मिली है। उनके पिता नीरज डागर भी गोल्फर हैं। उन्होंने ही दीक्षा का परिचय गोल्फ से कराया था। 6 साल की उम्र में उन्होंने गोल्फ खेलना शुरू कर दिया था। पिता गोल्फर थे, इसलिए खेल की तकनीक बेटी को जल्द समझ आ गई और इसका असर 2011 में दिखा। 2011 में 11 साल की उम्र में उन्होंने अपना पहला राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप जीता। इसके बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2016 में इंग्लैंड के यॉर्कशायर में आयोजित विश्व जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप में उन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें पहचान दिलायी।

2017 में ताइपे में हुए डेफलिंपिक्स में दीक्षा ने मिश्रित टीम इवेंट में रजत पदक जीता। इस आयोजन में पदक जीतने वाली वह भारत की पहली महिला गोल्फर बनीं। दीक्षा 'हेरिटेज लेडीज ओपन' और 'लागो ताहो ओपन' जैसे प्रमुख टूर्नामेंट जीत चुकी हैं। दीक्षा ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। 24 साल की इस खिलाड़ी ने 2017 डेफलिंपिक्स में रजत जबकि 2021 और 2025 डेफलिंपिक्स में स्वर्ण जीता। टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच और अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स को अपना प्रेरणास्त्रोत मानने वाली दीक्षा ओलंपिक्स और डेफलंपिक्स दोनों में हिस्सा लेने वाली इतिहास की पहली गोल्फर हैं। भारत सरकार ने 2023 में दीक्षा को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया था। दीक्षा डागर बेशक अपने आस-पास घटित होने वाली चीजों को सुनने में सक्षम न हों, लेकिन उनके गोल्फ स्टिक से निकलने वाली गेंद की गूंज पूरी दुनिया सुनती है। दृढ़ इच्छाशक्ति की धनी इस खिलाड़ी से भारत को भविष्य में बड़ी उम्मीद है।

# पीएसजी ने पहली बार जीता चैंपियंस लीग का खिताब

नई दिल्ली। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) फ्रांस का एक प्रतिष्ठित क्लब है। क्लब की स्थापना 1970 में हुई थी। यह क्लब लोकप्रियता के साथ-साथ दुनिया के धनी क्लबों में से एक माना जाता है। इस क्लब के लिए अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी, ब्राजील के नेमार और फ्रांस के किलियन एमबापे जैसे खिलाड़ी लंबे समय तक खेल चुके हैं। इसके बावजूद पीएसजी चैंपियंस लीग जैसा प्रतिष्ठित खिताब नहीं जीत सकी थी। टीम का चैंपियंस लीग जीतने का सपना 2025 में पूरा हुआ। 31 मई को पीएसजी ने म्यूनिख में हुए फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से हराकर चैंपियंस लीग 2025 का खिताब जीता था। पीएसजी की जीत में फ्रांस के डेसिरे डौए और सेनी मायुलु जैसे युवा फ्रांसीसी खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही। 19 वर्षीय फॉरवर्ड डेसिरे डोए ने 2 गोल किए, जबकि उनके स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आए सेनी मायुलु ने भी एक गोल किया। डौए ने मैदान पर एक घंटे से कुछ अधिक समय में दो गोल किए और एक अन्य गोल में सहायता की, जिसके बाद दूसरे हाफ में उन्हें प्रतिस्थापित कर दिया गया। अशरफ हकीमी और ख्विचा क्वारात्स्खेलिया के 1-1 गोलों ने डूए के दोहरे गोल में योगदान दिया। इन गोलों की मदद से पीएसजी ने चैंपियंस लीग के 70 साल के इतिहास में फाइनल में सबसे बड़ी जीत दर्ज की।



पीएसजी के लिए अशरफ हकीमी ने (12वें), डौए ने (20वें और 63वें), ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने (73वें), और सेनी मायुलु ने (86वें) मिनट में गोल किया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। पीएसजी फुटबॉल की दुनिया में बड़े खिलाड़ियों को अपने साथ रखने और महंगे ट्रांसफर के लिए जानी जाती है, लेकिन अपनी स्थापना के पिछले 54 साल में चैंपियंस लीग नहीं जीत पाई थी। 2025 टीम के लिए यादगार और ऐतिहासिक रहा।

**हादसा:** रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस-बदमाश मुठभेड़ हुई

# ज्वेलर से दस लाख रुपये की रंगदारी लेने आए बदमाश को पुलिस ने मारी गोली, एक गिरफ्तार और दूसरा फरार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़






मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। -समर न्यूज़

लुधियाना में शुक्रवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब शहर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। ज्वेलर से 10 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने पहुंचे दो बदमाशों में से एक पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया, जिसे मौके पर ही काबू कर लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा। घटना के बाद समराला चौक और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ताजपुर रोड स्थित एक ज्वेलर सचिन वर्मा को शुक्रवार को एक विदेशी मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक गिरोह से जुड़ा बताते हुए 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। कॉल के दौरान ज्वेलर को धमकाया गया कि अगर तय समय पर रकम नहीं दी गई, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस धमकी से भयभीत सचिन वर्मा ने तुरंत थाना डिवीजन नंबर-7 की पुलिस को शिकायत दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने की योजना तैयार की। इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने समराला चौक पर ट्रैप लगाया। योजना के तहत ज्वेलर सचिन वर्मा को संतरी रंग का एक हैंडबैग देकर तय स्थान पर भेजा गया, ताकि बदमाशों को लगे कि उसमें रंगदारी की रकम है। देर रात दोनों आरोपी बिना नंबर प्लेट की काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर हेलमेट पहनकर मौके पर पहुंचे। उनके पास एक काले रंग का लेदर किट बैग भी था। जैसे ही उन्होंने ज्वेलर के पास पहुंचने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने अचानक पिस्तौल निकालकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने बार-बार बदमाशों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने लगातार गोलियां चलानी जारी रखीं। हालात को देखते हुए पुलिस पार्टी में शामिल सीनियर सिपाही जगजीत सिंह ने सरकारी 9 एमएम कार्बाइन से जवाबी फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में एक गोली बाइक पर पीछे बैठे आरोपी की बाईं टांग में जा लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। उसके हाथ से पिस्तौल भी गिर गई, जिसे पुलिस ने तुरंत कब्जे में ले लिया। इसी दौरान दूसरा आरोपी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

घायल आरोपी की पहचान रोहिन मसीह निवासी गांव तैलियावाल, बटाला, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने अपने फरार साथी का नाम जाइन मसीह बताया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मौके से हथियार और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सर्दी ने दिखाया रंग

### दिनभर घनी धुंध, दृश्यता घटी और ठंड में इजाफा



लुधियाना में सर्दी ने अब रंग दिखाना शुरू कर दिया है और आज सुबह से दिनभर घनी धुंध छाई रहने से दृश्यता कम रही, जिसके चलते सड़क यातायात धीमा पड़ा और कई इलाकों में हैडलाइट-हैज़र्ड लाइट का सहारा लेना पड़ा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ धुंध-प्रदूषण के मेल में मास्क और आंखों की सुरक्षा की सलाह देते हैं, जबकि यातायात विभाग कम गति, लो-बीम और सुरक्षित दूरी बनाए रखने पर जोर देता है। पंजाब क्षेत्र के लिए घनी धुंध का औपचारिक अलर्ट 12–14 दिसंबर तक जारी किया गया है; सुबह-शाम ड्राइव करते समय लो-बीम, फॉग लाइट और धीमी गति अपनाएं।

-लक्की भट्टी

▪ किदवई नगर इलाके में लुटेरों का आतंक

## युवती की सूझबूझ से टली वारदात, सीसीटीवी कैमरे में कैप्चर हुई

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



किदवई नगर इलाके में बीती रात करीब 8 बजे एक्टिवा सवार दो महिलाओं के साथ लूट की कोशिश का मामला सामने आया है। जहा एक बाइक सवार दो लुटेरों ने महिलाओं को निशाना बनाना चहा, लेकिन एक्टिवा चालक युवती की सूझबूझ और साहस के आगे लुटेरों के मंसूबे नाकाम हो गए। जिसके शोर मचाने पर लुटेरे वहां से फरार हो गये, पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं एक्टिवा पर सवार होकर मार्किट से घर लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से दो मोटरसाइकिल सवार उनका पीछा करते हुए पहुंचे और कुछ दूरी पर अपनी बाइक एक्टिवा के आगे लगाकर जबरन रोक लिया। इसी दौरान बाइक के पिछली सीट पर बैठे लुटेरे ने एक्टिवा चला रही युवती का पर्स छिनने की कोशिश की, जिस दौरान एक्टिवा असंतुलन हो गई और महिलाएं नीचे गिर गई। तभी उक्त लुटेरे ने तेजधार हथियार निकाल युवती से पर्स की मांग की। युवती ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया, जिसके बाद दोनों लुटेरे वहां से भाग गए। महिलाओं की हिम्मत और शोर सुनकर इलाके के लोग इकट्ठे हो गए। पीड़ित महिलाओं और स्थानीय लोगों ने घटना की शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान और तलाश शुरू कर दी है।

## केला आढ़ती पर 31 लाख का जुर्माना, फीस चोरी पर मार्केट कमेटी की सख्ती

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

बहादुर के रोड दाना मंडी में मार्केट फीस चोरी का बड़ा मामला सामने आया है।



हरिंदर सिंह

मार्केट कमेटी ने सख्त कार्रवाई करते हुए गुप्ता केला स्टोर पर करीब 31 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मंडी सचिव हरिंदर सिंह गिल के निर्देश पर की गई। बताया जा रहा है कि संबंधित फर्म पिछले कई महीनों से मंडी फीस जमा नहीं कर रही थी, बावजूद इसके बार-बार नोटिस और चेतावनियां दी गई थीं।मार्केट कमेटी सचिव हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि गुप्ता केला स्टोर को कई बार नोटिस जारी किए गए और कार्यालय बुलाकर फीस जमा कराने को कहा गया, लेकिन आढ़ती द्वारा नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद विभाग ने रिकॉर्ड खंगालते हुए मंडी फीस और जुर्माने सहित कुल 31 लाख रुपए का नोटिस जारी किया है।सचिव ने यह भी खुलासा किया कि मंडी क्षेत्र में ऐसी करीब 5 रडार पर चल रही फर्में हैं, जो लंबे समय से मंडी फीस नहीं दे रही हैं। इन सभी के पुराने रिकॉर्ड की जांच की जा रही है और अगले सप्ताह उनके खिलाफ भी मंडी फीस के साथ भारी जुर्माना लगाया जाएगा।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले डीएमओ (जिला मंडी अधिकारी) की टीम ने भी केला आढ़तियों की कापियां जब्त की थीं। उनकी जांच रिपोर्ट अभी आना बाकी है। माना जा रहा है कि रिपोर्ट आने के बाद और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

▪ **क्या कहते हैं सचिव...** *मार्केट कमेटी सचिव हरिंदर सिंह गिल ने साफ शब्दों में कहा कि मंडी में रेवन्यू चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी आढ़ती मंडी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आने वाले दिनों में मंडी क्षेत्र में चेकिंग अभियान और तेज किया जाएगा।*

## होटल में प्रेमी संग आई प्रेमिका की हत्या, प्रेमी काबू; शादी के दबाव में हुआ विवाद, प्राइवेटपार्ट काटने पर महिला का गला घोंटा, हत्या

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़






होटल में जांच करती हुई पुलिस व फोरेंसिक विभाग की टीम, इधर जानकारी देते डीसीपी रुपिंदर सिंह। -समर न्यूज़

लुधियाना के एक होटल के कमरे में से शुक्रवार की रात महिला का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला अपने प्रेमी के साथ होटल में रुकी थी, जहां दोनों के बीच विवाद हुआ,जिस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हत्या तक पहुंच गया। थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और रिसेप्शन का रजिस्टर कब्जे में लिया। जहां से पुलिस को आरोपी प्रेमी का आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर पुलिस ने देर रात आरोपी को दबोच लिया। आरोपी एक निजी अस्पताल में अपना इलाज करवा रहा था, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

डीसीपी रुपिंदर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि मृतका अपने प्रेमी अमित निषाद के साथ शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे बहादुर गे रोड पर स्तिथ के एक होटल में आई थी। होटल के कमरे में दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। इसके बाद महिला ने युवक पर शादी करने का दबाव बनाया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। विवाद के दौरान महिला ने गुस्से में आकर अपने प्रेमी पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। महिला के हमले में युवक के प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। अचानक हुए इस हमले से युवक बुरी तरह भड़क गया। गुस्से में आकर उसने महिला का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक मृतका दो बच्चों की मां थी और उसका अपने पति के साथ तलाक का मामला अदालत में चल रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान अमित निषाद से हुई थी और दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। बताया जा रहा है कि महिला शादी को लेकर गंभीर थी, जबकि युवक इस बात को लेकर असमंजस में था। जिसके चलते दोनों में विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपी को चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां से डिस्चार्ज होने के बाद उसे अदालत में पेश कर अगली कार्रवाई की जायेगी।

## सीआईए टीम ने 1008 प्लास्टिक डोर के गट्टों सहित सप्लायर को दबोचा और खरीदार फरार

सुनील शिंगार | लुधियाना
समर न्यूज़



मामले की जानकारी देते हुए सीआईए इंचार्ज अवतार सिंह। -समर न्यूज़

सीआईए स्टाफ की टीम ने अवैध प्लास्टिक डोर की सप्लाई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1008 गट्टों सहित सप्लायर रजित शर्मा निवासी गुलचमन गली को गिरफ्तार किया है, जबकि इस मामले में मुख्य खरीदार चिंटू निवासी न्यू माधोपुरी मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि चिंटू की गिरफ्तारी के बाद इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी बड़ा खुलासा होने की संभावना है। जांच अधिकारी एएसआई रोशन लाल शर्मा ने बताया कि 11 दिसंबर को सीआईए टीम कपूर अस्पताल के नजदीक गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि रजित शर्मा दूसरे राज्यों से प्लास्टिक डोर मंगवाकर लुधियाना में सप्लाई कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने चांद सिनेमा के नजदीक दबिश दी और रजित को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर 1008 प्लास्टिक डोर के गट्टे बरामद किए गए। पुलिस जांच में सामने आया है कि रजित से चिंटू प्लास्टिक डोर खरीदता था और दोनों मिलकर इसकी खरीद-फरोख्त व सप्लाई करते थे।

## लुधियाना में दो गुटों के बीच खूनी झड़प, तेजधार हथियारों से हमला, सीसीटीवी फुटेज में कैप्चर

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



थाना जमालपुर के इलाके में दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना जमालपुर के अधीन पड़ती 33 फूटी रोड की बताई जा रही है, जहां दिनदहाड़े सरेआम हिंसा से इलाके में दहशत फैल गई। वायरल सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक बाइक सवार युवक को अचानक 5 से 6 युवकों ने चारों ओर से घेर लिया। पहले तो उसके साथ धक्का-मुक्की की गई, लेकिन कुछ ही पलों में मामला हिंसक रूप ले गया। आरोपियों ने युवक पर हमला कर दिया, जिसके बाद शोर सुनकर दोनों गुटों के अन्य लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। झड़प के दौरान तेजधार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर खुलेआम चल रही इस हिंसा के कारण कई लोग घायल हो गए। घटना सड़क के बीचोंबीच होने के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक हुए इस हमले से आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। कई लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। कुछ दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर लीं, जबकि स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही जमालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया।

## सीवरेज की नई पाइपलाइन का उद्घाटन



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

वार्ड नंबर 88 स्थित चाँद सिनेमा के पास करीब 28 लाख रुपये की लागत से बिछाई जा रही सीवरेज की नई पाइपलाइन के कार्य का आज विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षद नीरज बूटा आहूजा, अमन बग्गा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के निवासी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में सीवरेज की समस्या से राहत मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पार्षद नीरज बूटा आहूजा ने भी क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

**सम्मेलन** | वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एआई और आधुनिक आईटी टूल अपनाने पर जोर

## राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के निर्माण में सीए की भूमिका अहमः संजीव अरोड़ा

समर न्यूज़ | लुधियाना




मंत्री संजीव अरोड़ा विचार सांझा करते। -समर न्यूज़

पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने मजबूत राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए वित्तीय पारदर्शिता और दक्षता को और सुदृढ़ बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों को अपनाने पर जोर दिया। लुधियाना में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने कहा कि जब भी सरकार जनहित में नीतियां या कार्यक्रम तैयार करती है, तब चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अनिवार्य होती है। उन्होंने कहा कि सभी वित्तीय आकलनों के लिए सीए की आवश्यकता होती है, ताकि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि बजट निर्माण, समिति कार्य और दैनिक प्रशासन सहित नीति निर्माण के प्रत्येक चरण में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की अहम भूमिका होती है। मंत्री अरोड़ा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सलाह दी कि वे हार्ड डिस्क जैसे भौतिक भंडारण उपकरणों के बजाय सुरक्षित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों का डेटा संग्रहित करें, क्योंकि भौतिक उपकरण चोरी या क्षति की आशंका के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने बताया कि उनके उद्योग एवं बिजली विभाग नीतियों और कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सेवाएं लेते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में जापान और दक्षिण कोरिया की हालिया उच्च स्तरीय यात्रा का भी उल्लेख किया, जिसके दौरान अग्रणी कंपनियों के साथ कई करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को संबोधित करते हुए मंत्री ने उन्हें जापानी भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि जापान में भाषा में दक्ष पेशेवरों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। मंत्री संजीव अरोड़ा ने लुधियाना में राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस तरह के कार्यक्रम चार्टर्ड अकाउंटेंट पेशे के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे, जिससे आने वाले वर्षों में वर्तमान 19 प्रतिशत पास प्रतिशत में सुधार होगा।

## डीआरआई की कार्रवाई, थाईलैंड से तस्करी कर लाया 24 कैरेट सोना जब्त, एक को गिरफ्तार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की लुधियाना जोनल यूनिट ने अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। डीआरआई ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया 24 कैरेट विदेशी सोना बरामद किया गया है। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि थाईलैंड से हवाई मार्ग के जरिए भारत लाया जा रहा विदेशी सोना कोलकाता के रास्ते पंजाब में खपाया जा रहा है। इस इनपुट पर डीआरआई लुधियाना जोनल यूनिट ने डीआरआई चंडीगढ़ रीजनल यूनिट के सहयोग से एक सुनियोजित खुफिया ऑपरेशन शुरू किया। जांच में सामने आया कि तस्कर पहले सोना थाईलैंड से फ्लाइट द्वारा कोलकाता लाते हैं और उसके बाद ट्रेन के जरिए पंजाब भेजते हैं। सूचना के मुताबिक तस्करी में शामिल एक व्यक्ति कोलकाता से ट्रेन के जरिए अंबाला जंक्शन पहुंचने वाला था। डीआरआई अधिकारियों ने अंबाला जंक्शन पर निगरानी रखी। जैसे ही संदिग्ध ट्रेन से उतरा, वह लुधियाना जाने वाली बस में सवार हो गया। इसके बाद डीआरआई टीम ने बस को रोककर संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह थाईलैंड से फ्लाइट के जरिए तस्करी कर लाए गए सोने को कोलकाता के रास्ते पंजाब पहुंचाने आया था। उसने बताया कि यह सोना एक संगठित अंतरराष्ट्रीय तस्करी सिंडिकेट के निर्देश पर उसे सौंपा गया था और इसे पंजाब में डिलीवर किया जाना था। डीआरआई अधिकारियों द्वारा की गई तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 601 ग्राम विदेशी मूल का 24 कैरेट सोना बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 80.01 लाख रुपये आंकी गई है। बरामद सोने को जब्त करते हुए आरोपी को कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 99